आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 35, अंक 155, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय खत्म 14
वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 12

# एम्स हमारी चिकित्सा क्षमता का प्रतीक : राष्ट्रपति

## गोरखपुर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में द्रौपदी मुर्मू ने डॉक्टरों की तुलना भगवान से की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में मेडिकल छात्र को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल उपस्थित रहे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों की तुलना पीड़ित के लिए भगवान से करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनने की सीख दी। कहा कि एक संवेदनशील डॉक्टर न केवल दवा, बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक करने में मदद करता है। सहानुभूतिपूर्ण देखभाल से मरीज की हालत में तेजी से सुधार होता है। चिकित्सा एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि सेवा है।

राष्ट्रपति सोमवार को गोरखपुर एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के पहले दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि कभी रात में थके हारे सोए हैं, लेकिन आधी रात में किसी ने फोन किया तो आपको जगना पड़ता है। आपके जगने से कई जिंदगी बचती है। खाने का एक निवाला अंदर गया, तभी टेलीफोन आ गया, लेकिन आप खाना खाकर रेस्ट करके भी नहीं जा सकते हैं। यह इमरजेंसी सर्विस है, इसलिए लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं। हम भगवान को देखे नहीं, लेकिन जिसके कदमों के पास अपने मरीजों को भेजते हैं,

- **मुर्मू ने कहा- संवेदनशील डॉक्टर न सिर्फ दवा, बल्कि व्यवहार से भी ठीक करता है मरीज**

वे चलते-फिरते भगवान होते हैं, उनसे कहते हैं कि डॉक्टर साहब इसे बचाओ। उनके पास आर्थिक व्यवस्था है कि नहीं, बिन यह सोचे आपको जिंदगी बचानी पड़ेगी, क्योंकि यही मानवता है। मुर्मू ने कहा कि एम्स का नाम सुनते ही मन में विश्वस्तरीय इलाज, उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा, आधुनिक टेक्निक व समर्पित डॉक्टर की छवि आंखों के सामने उभरती है। यह संस्थान भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। एम्स ने नवाचार को कार्यशैली का हिस्सा बनाया है। पूर्वी उप्र, सीमावर्ती बिहार व नेपाल के लोगों के लिए उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के केंद्र के रूप में गोरखपुर एम्स प्रसिद्ध हो रहा है।

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, एम्स गोरखपुर के अध्यक्ष देशदीपक वर्मा, एम्स की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल डॉ. विभा दत्ता आदि मौजूद रहे।

### कई देशों की तुलना में भारत में कम है इलाज का खर्च

राष्ट्रपति ने कहा कि विदेशों से भी मरीज भारत में इलाज के लिए आते हैं, क्योंकि यहां इलाज न केवल सुलभ, बल्कि गुणवत्तापूर्ण भी है। भारत में इलाज का खर्च कई देशों की तुलना में बहुत कम है। यह भारत के लिए गौरव की बात है। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में एम्स जैसे संस्थाओं की निर्णायक भूमिका रही है।

### एम्स के लिए लड़नी पड़ी सड़क से संसद तक लड़ाई- योगी

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले गोरखपुर में एम्स का बनना सपना था। गोरखपुर एम्स से आज जब प्रथम मैच निकल रहा है तो हम सबके चेहरे पर चमक, उत्साह और उमंग है। एम्स की स्थापना के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एम्स गोरखपुर आज वटवृक्ष का रूप ले रहा है। इस पूरी यात्रा में मैं एकमात्र व्यक्ति हूं जो इस समय यहां के दीक्षांत मंच पर उपस्थित हूं। उन्होंने कहा कि एम्स के लिए हुए संघर्ष को उन्होंने नजदीक से देखा है। सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़ी है।

## पशुओं के कल्याण की भावना से कार्य करें : राष्ट्रपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में जो भी कार्य करें, उस समय मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना होनी चाहिए। पशु और मानव का रिश्ता परिवार का है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते। पशु हमारे जीवन का धन हैं। हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखने को लेकर चिंता व्यक्त की।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने आगाह किया कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखते हैं।



आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में छात्रा को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति।

- **राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में 576 विद्यार्थियों को प्रदान कीं मेडल और उपाधियां**

यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। टेक्नोलॉजी युग तो आया, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन की उर्वरता बचाने के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

## तेलंगाना : दवा फैक्ट्री में विस्फोट, 12 की मौत

संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी

- **संगारेड्डी जिले में हुए हादसे में 34 घायल, केमिकल रिएक्शन को माना जा रहा वजह**

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया (केमिकल रिएक्शन) के कारण हुआ।

विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब 10 अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। करीब 10 श्रमिक एक कमरे में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पीएम ने जताया दुख, दो दो लाख देने की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।



संगारेड्डी : विस्फोट के बाद घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### प्रदेश में आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों के साथ ही राज्य में आज से सभी विद्यालय खुल जाएंगे। परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का स्वागत रोली-चंदन और माला पहनाकर होगा। इसी के साथ ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि समस्त परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय रूप में सजाया जाएगा।

### पांच फीसदी महंगी हुई प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** वाहन के लिए सीएनजी और खाना पकाने के लिए पीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत जुलाई के लिए पांच प्रतिशत बढ़ाई गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, मासिक संशोधन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा संचालित पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.41 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 6.75 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है।

## जीएसटी संग्रह 5 साल में 22.08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्त वर्ष 2020-21 में था 11.37 लाख करोड़ रुपये संग्रह**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 1.68 लाख करोड़ रुपये और 2021-22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था।

जीएसटी के आठ वर्षों पर एक सरकारी बयान में कहा गया कि इसके लागू होने के बाद से, माल और सेवा कर ने राजस्व संग्रह और कर आधार बढ़ाने में मजबूत वृद्धि दिखाई है।




### लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

## किशोरी को आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश

**अमृत विचार, प्रयागराज :** प्रयागराज जिले की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर केरल ले जाने, उसका धर्म परिवर्तन कराने और आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश के आरोप में दरकशा बानो और मोहम्मद कैफ को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता को केरल से प्रयागराज लाकर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है।

गंगा नगर के पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 26 जून को पीड़िता की मां ने फूलपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि बानो उनकी 15 वर्षीय बेटी को आठ मई को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई थी। मोहम्मद कैफ ने नाबालिग को मोटरसाइकिल से प्रयागराज जंक्शन पहुंचाया। बानो उसे ट्रेन से पहले दिल्ली ले गई फिर वहां से केरल जहां उसने नाबालिग को कुछ संदिग्ध लोगों से मिलवाया। संदिग्धों ने उसे रुपयों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के लिए दबाव बनाया था।

## अमरनाथ यात्रा के लिए आज से ऑफलाइन पंजीकरण

जम्मू, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मंगलवार से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू होगा। इसके लिए यहां टोकन वितरण केंद्र सोमवार को चालू कर दिया गया। वहीं, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संपन्न होगी। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग तथा गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक खड़े ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर तक जा सकते हैं।

श्रद्धालुओं का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू के सरस्वती धाम में टोकन वितरण केंद्र खोला, बारिश के बावजूद पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। लंबी कतारें लग गईं। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने यहां बताया कि आज से टोकन वितरण शुरू हो गया है। सरस्वती धाम में एक टोकन केंद्र स्थापित किया गया है। टोकन लेने के बाद तीर्थयात्री मंगलवार को पंजीकरण करा सकते हैं और दो जुलाई को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं।

**अमरनाथ यात्रा के मार्गों पर सुरक्षा बढ़ाई गई : श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा से पहले दक्षिण कश्मीर के पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर उच्च तकनीक वाले उपकरणों की तैनाती समेत कई उच्च स्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर रणनीतिक स्थानों पर चेहरा पहचानने वाली प्रणाली लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, कश्मीर घाटी से गुजरने वाले पूरे यात्रा मार्ग को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है।

वहीं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए काफी बेहतर व्यवस्था की गई है।



पंजीकरण टोकन के लिए काउंटर पर श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

- **यात्रा 3 जुलाई से होगी शुरू टोकन के लिए लगी कतार**

### यहां कराएं पंजीकरण

दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि पंजीकरण मंगवार को तीन केंद्रों – वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। यह एकमात्र केंद्र है, जहां से श्रद्धालु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। एसडीएम ने कहा कि टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है और काउंटर तब तक खुले रहेंगे, जब तक कि दैनिक कोटा समाप्त नहीं हो जाता।




## सार-संक्षेप

### पौधरोपण कर उसका संरक्षण करें कर्मचारी : मीरा गुप्ता

**रानीगंज,प्रतापगढ़ :** नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता ने कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर संरक्षण की अपील की। उन्होंने कहा कि इस धरती को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण करके उसे संजोए रखना आवश्यक है। कहा कि जिस तरह से पुराने वृक्षों को काटा जा रहा है। उससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने सभी नगर पंचायतकर्मियों से आह्वान किया कि हर कर्मचारी प्रतिवर्ष 10-10 पौधे लगाकर उसके संरक्षण का कार्य करें। भाजपा नेता बद्री प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पौधरोपण कर संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस दौरान विक्रम सिंह, सुनील मौर्य, अविनाश मिश्र, संजय सिंह, विनोद पांडेय आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता व भाजपा नेता बद्री प्रसाद गुप्ता।

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल जेल, अर्थदंड

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट पारुल वर्मा की कोर्ट ने अनुसूचित जाति की नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के आरोप में दोषी पाते हुए कंधई के मुन्ना उर्फ इबरार को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 12 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सीय, मानसिक आघात की पूर्ति व उसके पुनर्वास के लिए प्रदान की जाएगी। वादी मुकदमा के अनुसार 21 दिसंबर 2015 को समय करीब 12 बजे दिन में उसकी भतीजी पीड़िता (13) को मुन्ना उर्फ इबरार जबरन हाथ पड़कर गलत नियत से घसीट रहा था। जंगल की तरफ ले जाते समय गांव के लोगों ने देखा तो आरोपी को पीट दिया। आरोप है कि कई बार आरोपी मुन्ना उर्फ इबरार ऐसी हरकतें कर चुका था। कोर्ट में इस मामले में राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने की।

### युवक ने फंदा लगा कर दी जान, प्रेम प्रसंग की चर्चा

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : रानीगंज थाना क्षेत्र के मुआर अधारगंज बासी गांव निवासी 21 वर्षीय परमेंद्र यादव राजू पुत्र जयशंकर यादव सोमवार को दोपहर में बुआ के घर शाहपुर गया था। वहां पम्पिंग सेट के कमरे के अंदर छत के चुल्ले के सहारे गले मे रस्सी का फंदा लगा लिए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। उसे फंदे से नीचे उतारकर आनन- फानन में ट्रामा सेंटर रानीगंज ले आए। यहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चर्चा रही कि कुछ दिन पूर्व मृतक राजू की प्रेमिका ने फंदा लगाकर जान दी थी। इसी सदमे में उसने यह कदम उठाया। इस सम्बन्ध में एसओ अर्जुन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। कोई तहरीर नहीं मिली है।

### बीएड प्रवेश परीक्षा में 71 फीसदी अभ्यर्थी हुए शामिल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र 2025- 26 की बीएड एवं बीएड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा सोमवार को प्रदेश के 10 जिलों के 12 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रो पीके स्टालिन ने बताया कि बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा में 71.21 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। बी एड प्रवेश परीक्षा में 3112 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 952 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में देशभर से 1442 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिनमें 359 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा प्रातः 9 से 12 बजे तक आयोजित की गयी। प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रो सत्यकाम के निर्देश पर सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों एवं कोर कमेटी की तैनाती की गयी थी जिनकी देखरेख में सभी केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में काफी उत्साह देखा गया। अभ्यर्थियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए प्रवेश परीक्षा प्रदेश के आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी एवं प्रयागराज में आयोजित की गयी। प्रयागराज में विवि के सरस्वती परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में तथा यमुना परिसर के त्रिवेणी समुदायिक केंद्र में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। विवि के जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो सत्यकाम ने सरस्वती परिसर तथा यमुना परिसर में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क ने प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों से निरंतर परीक्षा के सकुशल संचालन की जानकारी प्राप्त की। प्रवेश परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा।

### भड़ेवरा में आगजनी, तोड़फोड़ पर 65 गिरफ्तार


करछना में बवाल के बाद पकड़े गए लोग। अमृत विचार

**नैनी/प्रयागराज, अमृत विचार।** करछना के भड़ेवरा बजार में रविवार दोपहर हुए पथराव और आगजनी के मामले में दूसरे दिन सोमवार को 65 से अधिक लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी है। बवाल के बाद गांव और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। वहां बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है। हालांकि अब माहौल पूरी तरह से शांत हो गया है लेकिन बाजारों में दुकानें पूरी तरह से नहीं खोली गई। रविवार को करछना के ईसौटा गांव में मृतक देवी शंकर के परिवार से मिलने जा रहे भीम आर्मी चीफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद को प्रयागराज में रोके जाने के बाद करछना में उनके समर्थकों ने बवाल करते हुए हंगामा, तोड़फोड़ और आगजनी की थी। उनको काबू में करने के लिए विभिन्न थानों की फोर्स बुला ली गई थी। बाद में देर रात पुलिस ने 54 लोगों के खिलाफ नामजद और 550 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उपद्रवियों की तलाश में छापेमारी शुरू की। इसके साथ ही बवाल के दौरान बाइक छोड़कर भागने वालो की करीब 50 से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव के मुताबिक मामले में 65 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य बहुत से लोगों को चिन्हित किया गया है। उनके खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम को हटाने के लिए भेजा ज्ञापन

**कोरांव, प्रयागराज** : तहसील कोरांव के बड़ी संख्या में अधिवक्ता एसडीएम आकांक्षा सिंह को हटाने के डीएम और प्रदेश के सीएम को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। इसमें कहा गया है कि अगर दो दिन में एसडीएम को नहीं हटाया जाता है तो अधिवक्ता आमरण अनशन शुरू कर देंगे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम को हटाने के लिए जमकर नारेबाजी किया।बार एसोशिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष श्यामाकांत त्रिपाठी भूख हड़ताल करेंगे। तहसील कोराव में एसडीएम आकांक्षा सिंह की कार्यशैली को लेकर अधिवक्ता 22 दिन से हड़ताल पर है। बार एसोसिएशन कोरांव के पूर्व उपाध्यक्ष श्यामाकांत त्रिपाठी भूख हड़ताल करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी। इस दौरान बार एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष ललन कुमार तिवारी, पूर्व मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी, श्याम सुन्दर तिवारी, आशुतोष तिवारी, भास्कर यादव, अरुण जायसवाल, कौशलेश तिवारी महाकाल, जितेंद्र चतुर्वेदी विज्ञान, अनूप मिश्रा, वेद प्रकाश प्रजाप्रति, रोहित पाण्डेय, अखिल द्विवेदी, विवेक गौतम, नितेश पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, श्री कृष्णा, विवेक तिवारी, केसी मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, विपिन शुक्ला, अशोक कुमार पाण्डेय, शतीश कुमार, रावेंद्र मिश्रा कौशलेश तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### डॉ. वीके पांडेय बने एमएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ सर्जन और प्रशासनिक दक्षता के लिए विख्यात डॉ. वीके पांडेय को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज का नया प्राचार्य आज नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से 30 जून 2025 को जारी शासनादेश के अनुसार डा पाण्डेय एक जुलाई 2025 से प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण करेंगे। इससे पूर्व वह प्रतापगढ़ के सोनेलाल पटेल राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य पद पर कार्यरत थे। डॉ. पांडेय का चिकित्सा, शिक्षा एवं प्रशासनिक सेवाओं में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रहा है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान न सिर्फ प्रभावी नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि मरीजों की देखभाल और संसाधनों के समन्वय में भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

# परिषदीय विद्यालयों में 20182 शिक्षकों के हुए स्वैच्छिक तबादले

संवाददाता, प्रयागराज

**33484**
शिक्षकों ने किया था तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन

**▸▸ तबादले वाले शिक्षकों को तुरंत रिलीव करें बीएसए: सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी**

**अमृत विचार।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में स्वैच्छिक अन्तः जनपदीय (जिले के अंदर ब्लाक स्तर पर) तबादला आज हो गया है जिसमें 20182 शिक्षक, शिक्षिकाओं को तबादले का लाभ मिला है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (बीएसए) को सख्त निर्देश दिया है कि वह तबादले वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं को तुरंत कार्यमुक्त (रिलीव) करें जिससे कि तबादले वाले विद्यालयों में वह कार्यभार संभाल लें और शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे।

प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में अधिक शिक्षक वाले विद्यालयों से उनका तबादला स्वैच्छिक रूप से अधिक बच्चों और कम शिक्षक वाले विद्यालयों में करने के लिए आनलाइन आवेदन मांगा था। इस पर 33484 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने आनलाइन तबादले के लिए स्वैच्छिक आवेदन किया। आनलाइन आवेदन पत्रों की जांच के दौरान 13302 आवेदन पत्रों में खामियां मिलीं जिस पर उन आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि


सुरेन्द्र कुमार तिवारी।

स्वैच्छिक तबादले के तहत 20182 आनलाइन स्वैच्छिक तबादले शिक्षक, शिक्षिकाओं के हुए है। उन्होंने बताया कि मंगलवार से प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालय खुल रहे हैं और उनमें शिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी बीएसए को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह स्वैच्छिक तबादले वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं को तुरंत कार्यमुक्त करें जिससे कि वह तबादले वाले विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर शिक्षण कार्य शुरू कर सके। सचिव ने कहा कि जिन जिलों से बीएसए तबादले वाले शिक्षकों के कार्यमुक्त करने में गड़बड़ी या लापरवाही करेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई शासन स्तर से होगी।

## घर का बारजा ढहने से महिला की मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** महेशगंज थाना क्षेत्र के माघी निवासी 50 वर्षीय संगीता गौतम पत्नी राम आसरे सोमवार को दोपहर के समय अपने घर के दरवाजे के पास बैठी थी। इस दौरान उनके घर का बारजा सीलन के कारण अचानक भरभरा कर गिर गया। चपेट में आने से संगीता घायल हो गई। परिजन इलाज के लिए कुंडा सीएचसी ले आये। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर राजस्व टीम व महेशगंज पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# योगी सरकार का संकल्प, शिक्षा से वंचित न रहे कोई भी बच्चा

## स्कूल चलो अभियान का 15 दिवसीय दूसरा चरण आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में शिक्षा को सामाजिक समावेशन और समान अवसर का मजबूत आधार बनाया जा रहा है। शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक ''स्कूल चलो अभियान'' का द्वितीय चरण पूरे प्रदेश में जोरशोर से संचालित किया जाएगा। राज्य सरकार ने सभी जिलों को अभियान के लिए 2 लाख की धनराशि पहले ही जारी कर दी है।

परिषदीय स्कूल मंगलवार से खुलने के साथ यह केवल एक नामांकन अभियान नहीं होगा, बल्कि उन बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने की कोशिश है जो अब तक स्कूल से दूर रहे हैं। वैसे तो स्कूल 16 जून से ही खुल गए हैं, लेकिन ग्रीष्मावकाश के बाद 1 जुलाई से बच्चे स्कूल में पढ़ने आएंगे। ''स्कूल चलो अभियान'' के तहत शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र और एसएमसी सदस्य घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। ड्रॉपआउट या आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

### सवा करोड़ छात्र, शिक्षक आज से लगाएंगे ऑनलाइन हाजिरी

**प्रयागराज।** प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के सवा करोड़ छात्र, छात्राओं और शिक्षक, शिक्षिकाओं को अब एक जुलाई मंगलवार से आनलाइन हाजिरी लगाना है। इस दौरान जिन छात्र, छात्राओं की क्लास में उपस्थिति 75 फीसदी नहीं होगी उनको 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। शिक्षक, प्रधानाचार्य को विद्यालय परिसर से हाजिरी आनलाइन पोर्टल और मोबाइल एप पर लगानी होगी। जो छात्र या शिक्षक विद्यालय नहीं आयेंगे या अवकाश पर रहेंगे उनको प्रकार और कारण बताना होगा।

## बाइक की टक्कर से घायल किशोर की अस्पताल में मौत

**प्रतापगढ़ :** लालगंज कोतवाली के पूरे नेवाज खां खानापट्टी निवासी 15 वर्षीय मो.सईद पुत्र मो.हलीम रविवार देर शाम लालगंज कस्बे से घर लौट रहा था। घुइसरनाथधाम रोड पर बड़ी नहर तकिया के पास लालगंज की ओर से जा रही बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर में किशोर घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन लालगंज ट्रामा सेंटर ले गए। ट्रामा सेंटर से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज से परिजन एसआरएन अस्पताल प्रयागराज ले गए। प्रयागराज में इलाज के दौरान रविवार देर रात किशोर की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक लालगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# 176 मेधावी छात्रों को साइकिलें प्रदान कीं


मेधावियों को साइकिल प्रदान करते ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार, मऊः** अवादा फाउंडेशन ने जनपद मऊ के 105 गांवों के 36 स्कूलों के 176 मेधावी छात्रों को साइकिलें प्रदान की हैं, इस कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री ने कहा, जब गांव के होनहार बच्चों को समाज का साथ मिलता है, तभी समावेशी विकास साकार होता है। अवादा जैसे संस्थानों का योगदान इसी बदलाव की नींव है।इस मौके पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा कि ये साइकिलें शिक्षा की दिशा में छात्रों को और मजबूत करेगा।

### एक्टिव शिक्षक लर्निंग एनवायरमेंट बना सकता है : नित्यानंद

**प्रयागराज।** पतंजलि ऋषिकुल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सीओई प्रयागराज की ओर से राधाकृष्णन सभागार में पतंजलि ऋषिकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत ऐक्टिव लर्निंग" (सक्रिय अधिगम) विषय पर छात्रों में "मानसिक स्वास्थ्य विषय पर दो दिवसीय शिक्षाप्रद, ज्ञानवर्धक एवं प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

प्रथम दिन की कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन डॉ. विवेक सिंह, प्रो, इविविएवं सुश्री सुजाता सरकार, पीजीटी, सनबीम सनसिटी, वाराणसी तथा दूसरे दिन की कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन श्रीमती कविता बेदी काउंसलर एवं श्रीमती दिव्या अग्निहोत्री रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह एवं पतंजलि ऋषिकुल के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं सम्मिलित हु।। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

**सूचना**

मैने अपना नाम ADIBA BANO NOOR MOHAMMED KHAN से बदलकर ADIBA BANO NOOR MOHAMMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **C/o- NOOR MOHAMMED KHAN ADD-DEORIA MAINAHA, PO-REHAR MAFI, DIST- BALRAMPUR-271609(U.P)**

**सूचना**

मैं गजेन्द्र मोहन पुत्र मदन मोहन खेड़ा और मोहम्मद शब्बीर पुत्र मोहम्मद नासिर हमारे पास से एक रजिस्ट्री प्लॉट की मूल प्रति खो गई है। जिसका प्रथम पक्ष मनोज कुमार गुप्ता पिता राकेश कुमार गुप्ता है जिनका पता विकास नगर लखनऊ है और द्वितीय पक्ष बाबू लाल वर्मा पिता स्वर्गीय भगवती प्रसाद पता शिवानी विहार कल्याणपुर और मोहम्मद अतीक पिता मोहम्मद वसीम पता नवाबगंज बाराबंकी और जमीन आवासीय प्लॉट है, जो अनवरी ग्राम परगना कुर्सी में है, जिसका गाटा संख्या 975/0.177 में से 250.92 वर्गमीटर क्षेत्रफल है।

**सूचना**

मेरेआधार कार्ड संख्या 701745 407394 पर मेरा नाम बांकन लाल दर्ज है जबकि मेरा सही नाम बांके लाल पुत्र काली चरण है। कृपया सुधार किया जाए। बांके लाल पुत्र काली चरण, पता रू ग्राम कान्हमऊ, वि.खं. कसमंडा तहसील सिधौली जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै मेवालाल वर्मा पुत्र स्व वासुदेव निवासी मोहल्ला शक्तिनगर महतवाना कस्बा व तहसील संडीला ज़िला हरदोई का निवासी हूँ मेरा पुत्र आनंद वर्मा निवासी मोहल्ला शक्तिनगर महतवाना कस्बा व तहसील संडीला का उससे व उसके परिवार के प्रति आचरण ठीक नहीं है व सामाजिक स्तर से भी आचरण ठीक नहीं है मै अपने पुत्र से अत्यधिक नाराज हूँ मै अपने पुत्र आनंद वर्मा को समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ आनंद वर्मा के किसी भी कृत्य से व धन के लेनदेन से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। मेवालाल वर्मा पुत्र स्व वासुदेव निवासी मोहल्ला शक्तिनगर महतवाना कस्बा व तहसील संडीला ज़िला हरदोई



# बरसात से गर्मी से राहत, जलभराव से आफत

## पूरे जिले में कहीं तेज तो कहीं हुई मध्यम बारिश, किसानों ने शुरू किया धान की रोपाई का काम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रविवार को दोपहर बाद से शुरू हुई बारिश रात भर थमी रही तो लुढ़का पारा ऊपर की ओर बढ़ा। सोमवार को दोपहर तक बादलों व धूप की लुका छिपी के बीच उमस का माहौल रहा। दोपहर करीब एक बजे से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। किसान अब धान की रोपाई के काम में जुट गये हैं। पूरे जिले में कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश ने राहत तो दी लेकिन इससे साफ सफाई की कलई भी खुल गई, महज रिमझिम बारिश ने शहर में नाले-नालियां चोक हुए, गंदा पानी सड़क पर बहता रहा। वहीं तमाम जगहों पर लोगों को जलभराव से जूझना पड़ा।

सूरतगंज प्रतिनिधि के अनुसार, आंधी-बारिश के चलते 11 हजार लाइन का तार टूटकर एक मवेशी पर जा गिरा जिससे मौके पर हीउसकी मौत हो गई। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार, सोमवार को असंद्रा थाना अंतर्गत दिलावरपुर गांव की सियारानी पत्नी सतगुरु जानवरों के लिए चारा लगा रही थी। तसले में चारा भरने के दौरान सियारानी को सांप ने डंस लिया। परिजनों ने उसे सीएचसी बनीकोडर में भर्ती कराया जहां से महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


शहर के सत्यप्रेमी नगर मोहल्ले में हुआ जलभराव। अमृत विचार


झमाझम बारिश के दौरान पटेल तिराहे पर खड़े वाहन सवार। अमृत विचार


हाईवे पर गिरा पेड़ और लगा जाम। अमृत विचार

### बारिश के दौरान गिरा पेड़, लगा जाम

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को जैदपुर के अहमदपुर टोलप्लाज़ा के पास लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर देर शाम बारिश के बीच गुलमोहर का पेड़ गिर गया। जिससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया। हालांकि गनीमत यह रही कि जिस समय गुलमोहर का पेड़ गिरा उस समय वहां पर कोई ग्रामीण या कोई राहगीर नहीं था। नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। अहमद पुर चौकी प्रभारी सौम्या जायसवाल और टोलप्लाज़ा के कर्मचारी ने पेड़ को हटवाया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

## एक नजर

### सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को सफदरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कस्बा निवासी फरहान की रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। विगत दिनों फरहान ने अपनी बाइक पर बैठकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी। इसका वीडियो वायरल हो गया।

### खेत के पास खड़ी किसान की बाइक उठा ले गये चोर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम घौसाबाद निवासी रानू की मोटरसाइकिल चोर उठा ले गए। घटना 14 जून को दोपहर करीब 3 बजे हुई। रानू अपनी बाइक सतरिख के नानमऊ कच्ची सड़क किनारे खड़ी कर खेत की जुताई करने लगा। एक घंटे बाद लौटने पर बाइक गायब थी।

### दबंगों ने रास्ते में रोककर तीन लोगों को पीटा

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** फत्तापुर कला में शनिवार सुबह दबंगों ने रास्ते में रोककर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। विजय गुप्ता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह बाइक से दुकान जा रहा था। सर्वेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, सुदीप मिश्रा, आलोक मिश्रा तथा रजनीश मिश्रा ने उसे रोका और पिटाई की शोर सुनकर मौके पर पहुंचे उनके भतीजे हार्दिक गुप्ता व साक्षी गुप्ता को भी आरोपियों से भी मारपीट की गयी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### नहर में मिला युवक का शव

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को शारदा सहायक खंड 28 की नहर में दयालगंज रेगुलेटर के पास अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# नौकरी का झांसा देकर लाखों वसूले, एजेंसी फरार

धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक ट्रेवल एजेंसी बेरोजगार युवाओं को लाखों का चूना लगाकर फरार हो गई। सोमवार को ठगी का शिकार हुए युवकों को एजेंसी के दफ्तर बुलाया गया था जहां इन सभी को ताला लटका मिला। अपने साथ धोखाधड़ी से आहत युवाओं ने एसपी से मिलकर प्रकरण की शिकायत की। हालांकि देर शाम तक पुलिस में शिकायत नहीं की गई थी।

जानकारी के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र में आवास विकास कालोनी के एलआईसी मोड़ पर स्थित विनायक मार्ट भवन में मून ड्राप इंटरप्राइजेज ट्रैवेल एजेंसी नामक कार्यालय खोला गया था। यहां पर संचालक सुभाष चंद्र दत्ता व राजू राजभर ने युवाओं से संपर्क करते हुए उन्हे विदेश में नौकरी का लालच दिया।

इस लालच में आकर गैर जिलों गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, श्रावस्ती आदि जिलों से तमाम युवकों ने आवेदन कर दिया। फर्जी साक्षात्कार के बाद इन्हे कॉल लेटर दे दिए गए। इसके बाद वीजा व एयर टिकट के नाम पर इन सभी से प्रति आवेदक 90 हजार रुपये वसूल लिये गये, सारा लेनदेन ऑनलाइन ही किया गया।

यानी सोमवार को सभी आवेदकों को एजेंसी के कार्यालय पर बुलाया गया था। इनमें गैर जिलों से बाराबंकी स्थित एजेंसी कार्यालय पहुंचे नूर आलम, सुजीत पांडेय, वासुदेव सैनी, राजू गुप्ता, अनिल तिवारी, आनंद त्रिपाठी, संदीप प्रजापति, अजय यादव, विनोद यादव आदि को संचालक फरार मिले। वहीं एजेंसी पर ताला लटका हुआ था। ठगी का अहसास होने पर सभी युवक पुलिस अधीक्षक से मिले और पूरी बात बताई। हालांकि शहर कोतवाल रामकिशन राना ने बताया कि उन्हे इस बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है। इस मामले की तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

## शतचंडी महायज्ञ के लिए निकाली गयी कलश यात्रा

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** रानीगंज में शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को यज्ञ मंडप से कलश यात्रा निकाली गई।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन किया गया। 1 जुलाई को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की जाएगी। प्रयागराज से आए संत स्वामी प्रमोदानंद 1 से 7 जुलाई तक प्रतिदिन सत्संग करेंगे। आयोजकों ने बताया कि 7 जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

▸▸ सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय का किया गया भूमि पूजन

संवाददाता, निंदूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील फतेहपुर के ग्राम गुग्गौर में सोमवार को मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का भूमि पूजन किया गया। यह विद्यालय प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा प्रदान करेगा। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा और जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

विधायक वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपहार बताया। डीएम ने बताया कि यह विद्यालय अटल आवासीय विद्यालय की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इस विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। यह न केवल शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि बच्चों को प्रतिस्पर्धी और जागरूक नागरिक बनाने में भी सहायक होगा। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, परियोजना निदेशक राकेश सिंह, तहसीलदार फतेहपुर, खंड शिक्षा अधिकारी, निर्माण विभाग के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।


विद्यालय निर्माण के लिए भूमि पूजन करते विधायक व डीएम। अमृत विचार

## इंजन की चपेट में आने से महिला की मौत

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र अंतर्गत कोठी गांव में सोमवार को खेत पर सिंचाई के दौरान इंजन की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।कोठी कस्बा निवासी राम अचल चौहान सोमवार को धान के बेरन की सिंचाई कर रहे थे। करीब 11 बजे रामअचल ने पत्नी दयावती (55) से कहा कि इंजन बंद कर दो। महिला इंजन बंद करने जा ही रही थी कि पैर फिसलने की वजह से वह चलते इंजन की चपेट में आकर घायल हो गईं। परिजन तुरंत महिला को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# सीमा विवाद में दो दिन तक फंदे से लटकता रहा शव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सीमा विवाद में एक युवक का शव दो दिन तक फंदे से लटकता रहा। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। बाराबंकी में बड्डूपुर और सीतापुर की महमूदाबाद पुलिस के बीच सीमा विवाद हो गया। राजस्व टीम ने सीमांकन किया तब महमूदाबाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बड्डूपुर क्षेत्र की सीमा पर शैली कीरतपुर से पश्चिम दिशा में बुढ़वल-सीतापुर रेलमार्ग के किनारे पेड़ से लटकता एक शव लोगों ने देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार शव कई दिन पुराना है मगर यहां कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। दो दिन तक युवक का शव पेड़ से लटकता रहा। बात बढ़ी तो दोनों थानों की पुलिस एकत्र हुई और राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में सीमांकन किया गया। सीमांकन के बीच सीतापुर की थाना महमूदाबाद पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि कोतवाल अनिल सिंह तोमर ने बताया कि सीमा की जांच चल रही है, शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक के शव की पहचान की कोशिश की जा रही।

# किशोर पर जानलेवा हमला, छह पर रिपोर्ट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीरबटावन स्थित गौसिया मस्जिद के पास एक 14 वर्षीय किशोर पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के पीछे क्रिकेट मैच के दौरान हुई कहासुनी को लेकर रंजिश बताई जा रही है।

गौसिया मस्जिद के निकट रहने वाले मोहम्मद इस्लाम ने कोतवाली नगर थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र मोहम्मद आयान (14) नमाज़ पढ़ने मस्जिद जा रहा था। इसी दौरान मो. कफील, मो. कलीम, मो. वसीक, मो. अलीम, फरजान एवं बाबुल ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर मोहम्मद अल्फाज, मोहम्मद सूफियान और उबैदुर्रहमान पहुंचे, जिनकी मौजूदगी से हमलावर धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**युवक की पिटाई, हालत गंभीर :** सफदरगंज प्रतिनिधि के अनुसार, उधौली की रहने वाली संजू पत्नी सुशील ने थाना सफदरगंज में तहरीर देकर कहा है कि उनके पति सुशील पर विकास, विजयकुमारी व आकाश ने हमला किया। जब गांव वाले बचाव में आए तो हमलावर फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पुलिया से गिरने से युवक की मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार की देर रात संदिग्ध हालात में पुलिया से गिरकर घायल युवक की सीएचसी में मौत हो गई। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के रायपुर निवासी भग्गन यादव का इकलौता पुत्र अखिलेश रविवार की देर रात पुलिया पर बैठा था, तभी वह गिर पड़ा। उसके चेहरे पर चोट आयी। परिजन अखिलेश को घर लेकर चले आए। जब घंटों तक उसे होश नहीं आया, तो परिजन फतेहपुर सीएचसी ले गए। जहां पर डा. देशराज ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अखिलेश शादी विवाह में खाना बनाने का काम करता था। पति की मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कारोबारी पर थोपी 14 करोड़ की देनदारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** शहर के रहने वाले एक व्यापारी ने बड़े उद्योगपति व बैंक को लपेटे में लिया है। आरोप यह कि दोनों ने षड्यंत्र करते हुए पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल किया जिसकी वजह से उस पर 14 करोड़ की देनदारी आयकर विभाग ने तय कर दी। जबकि उसका इस सबसे कोई नाता ही नही है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहर कोतवाली क्षेत्र में नई बस्ती पीरबटावन के रहने वाले व्यापारी मोहम्मद जावेद ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए कहा है कि बैंक ऑफ बड़ौदा की कंपनी बाग शाखा के अधिकारियों ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत उनके पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर एक अन्य कंपनी को करोड़ों का फायदा पहुंचाया है, जिससे अब इनकम टैक्स विभाग ने उन पर 14 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी थोप दी है।

मोहम्मद जावेद, जो एमजे ट्रेडर्स के नाम से प्लास्टिक पाइप का व्यापार करते हैं, ने वर्ष 2012 में बैंक ऑफ बड़ौदा में सीसी खाता खुलवाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2016-17 में उनके द्वारा बैंक को दिया गया पैन कार्ड नंबर कथित रूप से सुशील अग्रवाल, निदेशक गोविंद इंडस्ट्रीज के खाते से जोड़ दिया गया। इस गड़बड़ी के चलते आयकर विभाग ने जावेद पर गोविंद इंडस्ट्रीज के करोड़ों रुपये के टैक्स, ब्याज और जुर्माने की नोटिस भेज दी। टैक्स की वसूली के लिए जावेद के दो बैंक खातों को भी सीज कर दिया गया है, जिससे उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ा है। जावेद का कहना है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत पहले बैंक से, फिर पुलिस से, और बाद में पुलिस अधीक्षक से भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक कर्मचारियों और गोविंद इंडस्ट्रीज के निदेशक के बीच मिलीभगत कर उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए जालसाजी और धोखाधड़ी की गई है। थकहार कर उन्होने न्यायालय की शरण ली तब जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई।

कार्यक्रम | राज्यमंत्री ने छात्र और छात्राओं को वितरित किये स्मार्टफोन और टैबलेट

# वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा महत्वपूर्ण : शर्मा

संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा मेडिकल भिटरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने संस्थान के छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि योगी सरकार छात्रों के शैक्षिक और तकनीकी सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि आज के समय में तकनीक आधारित शिक्षा जरूरी है। सरकार इसका लाभ हर योग्य छात्र तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इनमें कार्यक्रम के आयोजक डॉ. रमेश सिंह, संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. अभिषेक सूर्यवंशी और प्रभारी डॉ. महेंद्र तिवारी शामिल थे। इसके अलावा डॉ. राजेश सिंह, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. सत्येन्द्र सिंह, डॉ. के. बी. सिंह, रणधीर सिंह और अवधेश गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथि और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।



छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट देते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। अमृत विचार


खाने का सामान वितरित करते लोग। अमृत विचार

### इमाम हुसैन (अ.स) की शहादत की याद में लगी सबील

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लाइन पुरवा में एक से दस मोहर्रम तक सबील का आयोजन किया जा रहा है। शब्बर रिज़वी के नेतृत्व में लगी इस सबील में श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार का तबर्रुक वितरित किया जा रहा है। सबील में चाय, पानी, दाल, चावल, शरबत, कोल्ड ड्रिंक, शीरमाल, दूध का शरबत और आइस क्रीम बांटा जा रहा है। इसके अलावा खीर, खमीरी रोटियां, मटर पुलाव, मिठाई और फल भी वितरित किए जा रहे हैं। मजलिस में आने वाले और राहगीर इस तबर्रुक को ग्रहण कर रहे हैं। शब्बर रिज़वी ने बताया कि यह सबीलें इमाम हुसैन और उनके साथियों की प्यास की याद में लगाई जाती हैं। कार्यक्रम में जियाउर रहमान खान, सादिक हुसैन सभासद, मोहम्मद फैसल सभासद, सिकंदर अब्बास रिज़वी, युथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अकबर मेहंदी रजा, परवेज रजा, अली चांद अब्दुलहई, अब्दुल समद और अब्दुल्लाह आदि मौजूद रहे।

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Where Legal Minds & Innovation Meets
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
LAW & IPR
LAW & INTELLECTUAL PROPERTY RIGHTS
BA LLB
LLB
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

## सार-संक्षेप

### पूर्व सैनिक बनेंगे विधिक स्वयंसेवक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पूर्व सैनिकों के लिए पहल की है। इसके तहत पूर्व सैनिक और उनके आश्रित कानूनी सेवाओं से जुड़ सकेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पूर्व सैनिक दो तरह से योगदान कर सकते हैं। वे पैरालीगल वालंटियर (पीएलवी) के रूप में काम कर सकते हैं। इसके तहत वे कानूनी जागरूकता फैलाने और समुदाय तक कानूनी सेवाएं पहुंचाने में मदद करेंगे। इसके अलावा, सेवानिवृत्त सैनिक और न्यायाधीश महाधिवक्ता (जेएजी) जो वर्तमान में वकील हैं, वे पैनल अधिवक्ता के रूप में भी काम कर सकते हैं। यह सुविधा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तहसील विधिक सेवा समिति के अंतर्गत उपलब्ध होगी। इच्छुक पूर्व सैनिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क कर सकते हैं।

### रुद्रांश अध्यक्ष, सूर्यांशु महामंत्री और प्रदीप बने कोषाध्यक्ष


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संस्कार भारती की कार्यकारिणी बैठक डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक के चन्द्रमौलि वर्मा सभागार में हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। ओज कवि रवि अवस्थी 'रुद्रांश' को अध्यक्ष, हास्य कवि प्रदीप 'महाजन' को कोषाध्यक्ष और सूर्यांशु 'सूर्य' को महामंत्री मनोनीत किया गया। अध्यक्षता जिला संघचालक डॉ. आरएस गुप्ता ने की। संचालन संस्कार भारती अवध प्रान्त के उपाध्यक्ष शिव कुमार 'व्यास' ने किया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक रवि प्रकाश, संस्कार भारती की प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ. पूनम श्रीवास्तव और नगर प्रचारक विभान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतकार प्रभात दीक्षित के विद्यालय की छात्राओं द्वारा ध्येय गीत और सरस्वती वंदना से हुआ। बाराबंकी प्रभारी डॉ. पूनम श्रीवास्तव ने संस्था के कार्य और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. श्याम सुंदर दीक्षित, डॉ. विनय दास, डॉ. अम्बरीष 'अम्बर', डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' और राम किशोर तिवारी 'किशोर' समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### असल मुद्दे से लोगों का ध्यान बांटने में अखिलेश माहिर


वसीम राईन।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि असल मुद्दे से लोगों का ध्यान बांटने में अखिलेश यादव माहिर हैं। समाजवादी पार्टी पसमांदा मुस्लिम समाज को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती आई है। राईन ने बताया कि यादव समुदाय से दोगुना वोट देने के बावजूद पसमांदा मुस्लिमों को कभी लोकसभा का टिकट नहीं दिया गया। यह वह समाज है जिसने यूपी में कई बार सपा की सरकार बनवाई। लेकिन पार्टी ने इस समाज को पिछड़ेपन का शिकार होने दिया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया ने कभी इस समाज की तरक्की के लिए कोई कदम नहीं उठाया। पार्टी संगठन में भी पसमांदा समाज को हिस्सेदारी से वंचित रखा गया। राज्यसभा में भी अब तक किसी पसमांदा मुस्लिम को नहीं भेजा गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने आगे कहा कि अखिलेश बिरादरी मोह में फंसे हुए हैं। वे अशरफ मुसलमानों को खुश रखने की कोशिश कर रहे हैं। चेतावनी दी कि जब पसमांदा मुसलमानों की आबादी 85 प्रतिशत है और हिस्सेदारी 15 प्रतिशत वालों को दी जा रही है, तो 2027 के चुनाव में पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

### वीरांगना उदा देवी देश की अस्मिता की प्रतीक : पुनिया


वीरांगना उदा देवी को श्रद्धांजलि देते सांसद, पूर्व सांसद व अन्य कार्यकर्ता।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान सेनानी वीरांगना उदा देवी की जयंती पर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद तनुज पुनिया ने अपने ओबरी आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उदा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि वीरांगना का जीवन साहस, संघर्ष और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि उदा देवी पूरे देश की अस्मिता और आत्मबल की प्रतीक हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त आठ कर्मचारियों को दी गयी विदाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन्स में सेवानिवृत्त होने वाले 8 पुलिसकर्मियों को विदाई दी गयी। सभागार में विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अजय कुमार राय, उपनिरीक्षक रामऔतार, उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, प्रधान परिचालक रेडियो अनुपम श्रीवास्तव, कर्मशाला कर्मचारी राजकुमार सिंह व उपनिरीक्षक राजाराम को स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण की गुणवत्ता में न बरतें कोताही

**बाराबंकी : अमृत विचार :** एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की ट्रेनिंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों के आवासीय बैरकों, भोजनालय की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का स्थलीय अवलोकन कर निर्देश दिए गए। एसपी ने उपस्थित स्टाफ से कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए एवं आरक्षियों को उत्कृष्ट, अनुशासित व जनोन्मुखी पुलिसकर्मी के रूप में विकसित किया जाए।

# सड़क हादसों में चार लोग घायल

## स्कार्पियो ने बाइक में तो कार ने बुलेट मोटरसाइकिल में मारी टक्कर

संवाददाता, फतेहपुर/त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार** : विभिन्न स्थानों पर सोमवार को हुई दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

फतेहपुर की ओर से आ रही स्कॉर्पियो ने गंगोला के पास रामपुर तेलवारी निवासी रामखेलावन की बाइक में टक्कर मार दी। बाइक स्कॉर्पियो में फंस गई और चालक करीब दो किमी तक बाइक समेत घसीटता ले गया। रास्ते में एक बुजुर्ग को भी टक्कर मार दी। सिहाली के पास चालक बाइक को स्कॉर्पियो से अलग कर वहीं छोड़कर फरार हो गया। स्कॉर्पियो पर अधिवक्ता लिखा है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। उधर, थाना लोनीकटरा के गंगापुर अंडरपास के पास सोमवार सुबह ग्राम विकास अधिकारी विशाल गुप्ता की कार ने सामने से आ रही बुलेट को टक्कर मार दी। भिलवल निवासी मयंक (20) व नितिन (22) मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। बुलेट करीब 20 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए।


दुर्घटनाग्रस्त कार व बाइक।


वाहन हटवाते टीआई रामयतन यादव।

### हाईवे पर वाहन पलटने से लगा जाम

**बाराबंकी, अमृत विचार** : अयोध्या लखनऊ हाईवे पर सोमवार की शाम एक हाफ डाला अचानक पलट गया। इससे हाईवे पर जाम लग गया। काफी देर बाद यातायात सुचारु किया जा सका। कालिका हवेली के पास एक हाफ डाला अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में जान माल का कोई नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन सड़क पर दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और पलटे वाहन को क्रेन से हटवाया, इसके बाद आवागमन सुचारु हो सका।

# अगवा कर विवाहिता से की जबरन शादी

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : बहराइच का एक व्यक्ति विवाहित महिला को अगवा कर अपने साथ ले गया और उसके साथ जबरन शादी भी रचा ली। पीड़ित पति की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने रामनगर थाने में तहरीर देकर अपनी पत्नी के अपहरण और जबरन शादी का आरोप लगाया है। पीड़ित की 36 साल की पत्नी को 3 मई को उस समय बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया, जब वह घर पर नहीं था। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि भौरी, जिला बहराइच निवासी प्रवेश पुत्र स्वामी दयाल उसकी पत्नी को लेकर गया और बाद में उससे शादी कर ली। बताया कि उसकी पत्नी अपने 8 माह के बच्चे को छोड़कर उसके साथ चली गई। जब उसने फोन पर विरोध जताया तो आरोपी ने उसे अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी भी दी। इससे वह काफी भयभीत हो गया। उसने किसी तरह साहस जुटाकर 29 जून को रामनगर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### टीआरसी लॉ कॉलेज में मनाया गया वार्षिक उत्सव विधान


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते डॉ. सुजीत चतुर्वेदी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : टीआरसी लॉ कॉलेज में वार्षिकोत्सव विधान 2025 का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि छात्र अनुराग सिंह द्वारा मां सरस्वती वंदना से हुई। विधि त्रिवर्षीय और पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्रों ने गायन और नृत्य प्रस्तुत किए। छात्रों के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक, खेल और शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नीलम सिंह ने छात्रों को अनुशासित जीवन अपनाकर लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. सुजीत चतुर्वेदी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता ने छात्रों को शैक्षणिक और सह-पाठ्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव और रोहिणी त्रिपाठी ने किया।

### संचार कौशल और सकारात्मक भाषा पर दिया प्रशिक्षण


कार्यशाला में मौजूद मेंटर व छात्राएं। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : ताराश्री फाउंडेशन ने उदयन शलिनी फेलोशिप प्रोग्राम के तहत जून माह की कार्यशाला का आयोजन किया। दो बैच की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। फाउंडेशन की संस्थापक विभा ने ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रभावशाली संचार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। दूसरे चरण में डॉ. स्नेह लता ने गतिविधि आधारित सत्र का संचालन किया। ताराश्री फाउंडेशन ने पिछले दो वर्षों में बाराबंकी के पांच सरकारी विद्यालयों से 61 मेधावी छात्राओं का चयन किया है। फेलोशिप प्रोग्राम के तहत छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। साथ ही अनुभवी मेंटर्स का मार्गदर्शन, संवाद कौशल और जीवन कौशल की कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। छात्राओं को सामाजिक कार्यों में भी भाग लेने के अवसर मिलते हैं।

# यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन दोषियों की गिरफ्तारी की मांग


तहसीलदार को मांगों का ज्ञापन देते यादव समाज के लोग। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : इटावा की घटना के विरोध में यादव समाज ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यादव समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय को दिया। केके यादव ने कहा कि कथावाचकों से दुर्व्यवहार अक्षम्य अपराध है। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान गन्ना संस्थान में लालजी यादव, सुनील यादव, संदीप यादव, ममता यादव, रामू यादव, रेखा देवी, अजीत कुमार, शीला, रामनारायण यादव, घनश्याम यादव, लवकुश, वीरेंद्र यादव, चंद्रपाल आदि थे।

## आज से खुलेंगे बेसिक और माध्यमिक स्कूल

**बाराबंकी, अमृत विचार** : बेसिक व माध्यमिक स्कूल मंगलवार से खुलेंगे। 1 से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण चलाया जाएगा।

पहले दिन स्कूल आए बच्चों को शिक्षक तिलक लगाकर स्वागत करेंगे। विद्यालयों की भी विशेष सजावट की जाएगी। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 2624 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय हैं। बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय ने बताया कि एक जुलाई को स्कूल आने वाले बच्चों का शिक्षक स्वागत करेंगे। साथ ही, एक जुलाई से 15 जुलाई तक दूसरे चरण का स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत गांवों में रैलियां निकाली जाएंगी।

# विलुप्त हो रहे 106 किस्म के पौधों का किया जा रहा संरक्षण

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : ग्वारी नर्सरी में विलुप्त हो रही पौध प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है। वन विभाग ने यहां 106 किस्म के औषधीय, फलदार, छायादार, शोभाकार और काष्ठीय पौधों की पौध तैयार की है।

वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह के अनुसार, देवा रेंज में कुल छह नर्सरी हैं। शाहपुर ग्वारी नर्सरी में लसोड़ा, बड़हल, गूलर, अमलतास जैसे वृक्षों की पौध तैयार की गई है। साथ ही सतावर, आंवला, श्यामा तुलसी, रामा तुलसी जैसी पौधों की किस्में भी उगाई जा रही हैं। नर्सरी में शोभाकार पौधों में फाइकस, कनेर, बोगनवेलिया, गुलाब और चांदनी की प्रजातियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शाहपुर नर्सरी में 6.82 लाख पौधे तैयार हैं। रेंज की अन्य नर्सरियों में उदउतपुर में 1.42 लाख, देवगांव में 1.07 लाख, इनायतपुर में 2.12 लाख, अलीनगर में 1.80 लाख और टिकरिया में 1.60 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग की योजना के तहत 30 स्थानों पर पौधरोपण होगा। 176 पंचायतों को औसतन 1,823 पौधों की दर से वितरण किया जा रहा है। भाजपा देवा मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार बबलू ने बताया कि वन महोत्सव के दौरान प्रत्येक बूथ पर 10 फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे।

## पति की मौत के 8 माह बाद 1 करोड़ के जेवर लेकर प्रेमी के साथ चली गयी महिला

**बाराबंकी, अमृत विचार** : सर्राफा व्यापारी की मौत के आठ माह बाद उसकी पत्नी करीब एक करोड़ रुपये के जेवरात लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। महिला अपने दो नाबालिग बच्चों को छोड़ गयी है। उसकी सास ने कोतवाली नगर में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सर्राफा कारोबारी की मां के मुताबिक, बहू के कुंवर हर्षित राजवीर से प्रेम संबंध थे। उसने बताया कि बेटे की मौत के बाद बहू ने लॉकर से सारे गहने निकालकर अपने प्रेमी को दे दिये। सीसीटीवी फुटेज में भी इस तथ्य की पुष्टि हुई है। टोकने पर बहू ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और गहने लौटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन बीी 28 जून को वह अचानक लापता हो गई। संपर्क करने पर आरोपी हर्षित ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### बैठक में संचारी रोग रोकथाम का खाका तैयार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार** : संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्थानीय विकासखंड सभागार में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (कृषि) राजकुमार वर्मा ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और सफाई कर्मियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के ब्लॉक मॉनिटर विजय अवस्थी, बीएमसी यूनिसेफ से अखिलेश पांडे, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. भारतेंदु वर्मा ने आगामी संचारी रोग अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। विजय अवस्थी ने जानकारी दी कि पहली जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे ब्लॉक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। गांव-गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर एंटी लार्वा छिड़काव किया जाएगा। 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के तहत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, टीबी, फाइलेरिया आदि रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें चिकित्सालय भेजेंगी। सहायक विकास अधिकारी राजकुमार वर्मा ने लोगों को चूहों और छछूंदरों से फैलने वाले रोगों से बचाव की जानकारी दी और घरेलू साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। डॉ. भारतेंदु वर्मा, अखिलेश पांडे (बीएमसी यूनिसेफ) ने लोगों को जागरूक किया। इस बैठक में प्रधान मेडी लाल वर्मा, शुभम श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, महेंद्र मिश्रा, दिनेश चंद्र वर्मा, वसीम, धर्मेंद्र मौर्य, रामजीवन, अभय वर्मा, पंकज, राजेंद्र प्रसाद, श्रवण कुमार, मनोज भार्गव, रेशमा बानो, उमाकांति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### सर्राफ से लूट में पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

**सीतापुर, अमृत विचार** : हरगांव इलाके में हुई लूट की वारदात को लेकर एएसपी ने टीम गठित की है। ऐसे में साक्ष्य संकलन के साथ सर्राफ के दावों को भी खंगाला जा रहा है। बता दें कि हरगांव थानाक्षेत्र में रामनगर कस्बे के मेंहदीपुरवा निवासी सर्राफ सुशांत रस्तोगी का दावा था कि तीन बाइक सवार बदमाशों ने लगभग 80 हजार रुपये नकद और करीब 2 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए थे। गंभीर प्रकरण की सूचना पाकर एएसपी आलोक सिंह मौके पर पहुंचे और स्थितियों का अवलोकन किया। सर्राफ के दावों की हकीकत को खंगालते हुए पुलिस टीम ने पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किये और इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगाले, उधर एएसपी का कहना है कि मामले में जांच जारी है। टीम गठित कर दी गई है। फिलहाल वादी पक्ष के बयानों को आधार बनाया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए हैं।

### गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल में मिशन बुनियाद की घोषणा

**सीतापुर, अमृत विचार** : नैमिषारण्य तुलसीपीठ द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल में विद्यालय के उद्देश्य, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैमिषारण्य तुलसीपीठ के पीठाधीश्वर साकेत मिश्र ने की। उन्होंने बताया कि जगत गुरु श्री शंकर विजयेंद्र सरस्वती स्वामीगल (कांची काम कोटि पीठम, कांचीपुरम) ने स्वयं यहां चार दिवसीय प्रवास कर विधिवत पूजन किया था। गुरुकुल विद्या के हेड ऑफ स्कूल अमित केसरवानी का कहना है कि मिशन बुनियाद के तहत बच्चों को बुनियादी शिक्षा में दक्षता दिलाने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी सम्मिलित किया गया है। इस अवसर पर पूनम मिश्रा, तत्पर मिश्र, तत्सत मिश्र, शिवांगी मिश्रा, नीरा मिश्रा, दिव्यांशी श्रीवास्तव, श्रद्धा मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र संचालन को प्रस्ताव आमंत्रित

**सीतापुर, अमृत विचार** : जनपद के दिव्यांगजन विशेषकर मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण निराश्रित व्यक्तियों के पुनर्वास एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान किए जाने की योजना चलाई जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने जानकारी दी है कि इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं जो नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम, 1995 के अंतर्गत पंजीकृत हों और मानसिक मंदता के क्षेत्र में कार्यानुभव रखती हों, वे इस योजना के तहत प्रस्ताव भेज सकती हैं। संस्थाएं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट uphwd.gov.in से योजना से संबंधित दिशा-निर्देश एवं आवेदन पत्र प्राप्त कर सकती हैं। इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ, एक सप्ताह के भीतर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में जमा कर सकती हैं।

### समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध : सहायक आयुक्त

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर महोली विकास खंड के अंतर्गत स्थित साधन सहकारी समिति नरहरा लिमिटेड का निरीक्षण सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता नवीन चंद्र शुक्ला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्वरकों की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया तथा मौके पर ही किसानों को उर्वरकों का वितरण भी कराया। श्री शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में जनपद की सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मौजूद है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरक अपनी निकटतम सहकारी समिति से प्राप्त करें। यदि किसी को कोई समस्या हो, तो वे स्वयं उन्हें मोबाइल नंबर 9415566046 पर सूचित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उर्वरकों के साथ-साथ नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी भी समितियों पर उपलब्ध हैं।

# चोरी की दो बाइकों के साथ शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार**: पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की दिशा में एक सफलता हासिल करते हुए एक ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से दो चोरी की मोटरसाइकिलें और नकदी बरामद हुई है।

क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना थानगांव पुलिस टीम ने यह गिरफ्तारी की। आरोपी की पहचान तुफैल पुत्र गफूर, निवासी मोहल्ला शमसेरी पुरवा, मजरा तरसेउरा, थाना थानगांव के रूप में हुई। पुलिस का दावा है कि थानगांव तिराहा के पास से पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी की गई दो मोटरसाइकिलें और 500 रुपये की नकदी बरामद हुई।

**लखनऊ और बहराइच से चोरी की थी बाइक** : पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने एक मोटरसाइकिल लखनऊ के मड़ियांव इलाके से चोरी की गई है।

वहीं, दूसरी बाइक बहराइच क्षेत्र से चुराई गई थी। इसके अलावा आरोपी ने स्वीकार किया कि 16 अप्रैल को सुजातपुर गांव में एक बारात के दौरान भी उसने एक बराती की बाइक चोरी की थी, जिसे बेचकर प्राप्त रकम में से केवल 500 रुपये शेष बचे हैं।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रफ्तार की मार

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार** : थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के सेमरी कटरा गांव के दो युवक सोमवार को अचानक हुए सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में 20 वर्षीय गुफरान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इरफान गंभीर रूप से घायल हो गया।


गुफरान की फाइल फोटो।

बताते हैं कि कल्लू का पुत्र गुफरान और अलीजान का पुत्र इरफान अपने चाची के घर बहादुरगंज गए हुए थे। लौटते समय जैसे ही वे समया तूतहीपुर चौराहे के पास पहुंचे, सामने से आ रही अनियंत्रित डीसीएम ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गुफरान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि इरफान के हाथ-पैर टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गुफरान को मृत घोषित कर दिया और इरफान की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गुफरान घर का सबसे बड़ा बेटा था और उसी के कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारियां थीं। उसकी अचानक मृत्यु से परिवार और गांव में शोक की लहर फैल गई है। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद परिजन एवं प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी।

## मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**सीतापुर, अमृत विचार** : शहर के बट्सगंज मोहल्ले में मामूली बात पर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। सोमवार देर शाम हुई चाकूबाजी की वारदात में घायल अवस्था में युवक ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली इलाके के बट्सगंज निवासी पीड़ित जीतू ने बताया कि वह सोमवार को जलेबी वाले के ठेले के पीछे शौच के लिए गया था। इस दौरान ठेले पर कार्यरत नौकर ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो दोनों में कहासुनी हो गई। इसी बीच नौकर ने घर से चाकू लाकर उसकी गर्दन पर वार कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर मौके से भाग निकला। घायल जीतू ने किसी तरह कोतवाली पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी।

# पांच सीएनजी ऑटो रिक्शा का बिना परमिट चालान

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार**: कोतवाली पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दो सीएनजी ऑटो को सीज करते हुए 22 ई रिक्शों के चालान किये। पुलिस ने एक दर्जन दोपहिया वाहन चालकों के ई-चालान भी किये है।

नगर चौकी प्रभारी विजय शंकर पांडेय व पुलिस टीम द्वारा बिसवां तिराहा गेट के पास चेकिंग अभियान चलाया गया, पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की भनक लगते ही भारी संख्या में बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालक आसपास के संपर्क मार्गो से निकल गए। चेकिंग के दौरान पांच सीएनजी ऑटो रिक्शों को जब जांच के लिए रोका गया तो ऑटो चालकों द्वारा लहरपुर रूट का परमिट न दिखा पाने पर पांच ऑटो रिक्शा को कोतवाली लाकर चालान की कार्रवाई की गई। नगर चौकी प्रभारी विजय शंकर पांडे ने बताया कि चेकिंग के दौरान पांच सीएनजी ऑटो के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। एक दर्जन दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध हेलमेट लगाकर वाहन न चलाने पर ई चालान किए गए। परिवहन विभाग के पीटीओ अब्दीन अहमद ने क्षेत्र में भारी संख्या में अवैध रूप से संचालित हो रहे ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया और 22 ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध उचित प्रपत्र ना होने पर उनके चालान किए और अवैध रूप से क्षेत्र में संचालित हो रहे दो सीएनजी ऑटो को प्रपत्र ना होने पर सीज करा दिया।

## बारिश से तापमान पहुंचा 30 डिग्री

**सीतापुर, अमृत विचार** : जनपद के कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। चली हवाओं के बीच तापमान में तीसरे दिन भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह से हुई तेज बारिश से कुछ फसलों को लाभ हुआ है। कृषि वैज्ञानिक एसके सिंह के मुताबिक, धान और गन्ने की फसलों के लिए यह बारिश वरदान साबित हुई है। हालांकि, मेंथा की फसल को काफी क्षति पहुंची है। साथ ही हरी सब्जियों की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। दलहनी फसल विशेषकर उरद की फसल को भी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि धान और गन्ने की फसलों के लिए यह बारिश फायदेमंद है। उधर मौसम विभाग से जुड़े वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आने वाले दिनों में तेज बारिश की संभावना बनी हुई है।

# 48 वारंटी पकड़े गए

**सीतापुर, अमृत विचार**: जिले भर में चलाए गए अभियान में कुल 48 वांछित व वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 3 हिस्ट्रीशीटर भी शामिल हैं। यह गिरफ्तारी जिले के 15 से अधिक थानों की पुलिस द्वारा की गई। अभियान के तहत कोतवाली नगर, मिश्रिख, अटरिया, सदरपुर, पिसावां, महमूदाबाद, महोली, लहरपुर, तालगांव, तंबौर, रामकोट, रामपुर मथुरा, सिधौली, संदना और रेउसा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुराने मामलों से संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया। मिश्रिख थाना पुलिस ने 3 अभियुक्त गिरफ्तार किए, जिनमें बृजेश, उमेश और रामनरेश शामिल हैं। कोतवाली नगर पुलिस ने 6 वारण्टी पकड़े, जिनमें आफताब, पियूष चौधरी, माना उर्फ अमन, धीरज, दीपक आदि शामिल हैं।

### मरीजों को मिला उपचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार** : सीएचसी की ओर से जंगलीनाथ प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाया गया। डॉ. खुशनूद आलम, डॉक्टर सरोज लता व फार्मासिस्ट अहमद ने 126 मरीजों की जांच की और दवाएं दीं। अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि अधिकतर मरीज वायरल फीवर और त्वचा रोग से पीड़ित मिले।

# नकदी, डीवीआर और पार्सल ले गए चोर

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार** : बिसवां कोतवाली क्षेत्र के राजाढीह गांव में देर रात सैंडो फैक्स प्राइवेट कूरियर कंपनी के कार्यालय का चोरों ने शटर काटकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर करीब 15,288 रुपये नकद, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और छह पार्सल चोरी करके ले गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह होते ही कंपनी के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कंपनी के कर्मचारी जितेंद्र कुमार गुप्ता निवासी सरबहानपुर, थाना मानपुर ने इस संबंध में बिसवां कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी मंजीत खरवार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है और चोरों की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## सात पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई

**सीतापुर, अमृत विचार** : सात पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन स्थित दधीचि सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-गर्री वि०ख० रामनगर जिला बाराबंकी**

पत्रांक मेमो/मनरेगा/वित्तीय वर्ष -2024-25 दिनांक - 30-06-2025

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत गर्री विकास खंड रामनगर जनपद बाराबंकी में मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्न कार्य हेतु निविदा प्रस्तावित है।

(1) कार्य का नाम राजू के घर से डामर रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री

ईट गिट्टी -37.50 घन मीटर

सीमेंट -125 बोरी

बालू -18.78 घन मीटर

मौरंग- 5.61 घन मीटर

ईट प्रथम श्रेणी -7617

इंटरलांकिंग ईट-13600

बालू लोकल-27.69 घन मीटर

आदि सामग्री की आवश्यकता है, इच्छुक फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनाँक 01-07-2025 से 08-07-2025 तक डाली जायेगी। तथा उसी दिन दोपहर 02 बजे निविदा/टेंडर ओपन कमेटी द्वारा पंचायत कार्यालय में खोला जाएगा। जिस फर्म की निविदा सबसे न्यूनतम होगी। उस फर्म की निविदा स्वीकार करते हुए अन्य फर्मो की निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी। निविदा प्रवक का मूल्य जो होगा नगद/डाफ्ट के द्वारा ग्राम पंचायत के नाम पर देय होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत. गर्री ब्लॉक रामनगर, जिला बाराबंकी

सचिव
गर्री ब्लॉक रामनगर, जिला बाराबंकी

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सूचना संख्या**: 24 वर्ष 2025; **कार्य का विवरण**: समपार 58 spl (BVN) और समपार 89 B (STP-TKUR) पर प्रस्तावित आरओबी के संबंध में सिग्नल केबल शिफ्टिंग कार्य और सर्किट परिवर्तन। **अनुमानित लागत(₹)**: ₹72,90,341.85; **बयाना राशि**: ₹1,45,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: ₹00.00; **कार्य समापन की अवधि**: 06 माह; **(1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय**: 24.07.2025 को 15:00 बजे। **नोट**: इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

मुजाधि/सिग्नल-27 वमसिदूई, लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपना नाम DEEPAK KUAMR से बदल कर DEEPAK KUMAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- RAM TEERTH R/O-H.NO-80, MEERAMOU SARHEMAU, BARABANKI -225305

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रदीप कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व. माता प्रसाद त्रिवेदी निवासी-ईएस-1बी/197, सीतापुर रोड योजना, निकट इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, लखनऊ उ0प्र0 226021**, मैने अपने सबसे छोटे पुत्र पुलकित राज त्रिवेदी को उसके गलत चाल-चलन व आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उक्त पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, कार्य या लेन-देन हेतु वो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम हाईस्कूल अंकतालिका में सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) अंकित है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश श्रष्टी मिश्रा (SHRASTI MISHRA) अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी बेटी को सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) पुत्री संजय कुमार मिश्रा के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **संजय कुमार मिश्रा पुत्र रामनरायन मिश्रा, निवासी ग्राम भदवही, भदोही, पोस्ट जनपद उन्नाव।**

# कटान की जद में प्रा.विद्यालय, दहशत में ग्रामीण

## रामपुर मथुरा में बढ़ते सरयू के जलस्तर से सात गांव के लोगों की बढ़ी मुसीबतें, विद्युत आपूर्ति बाधित

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार :** सरयू (घाघरा) नदी का जलस्तर बढ़ने से रामपुर मथुरा के तटवर्ती गांव के लोगों की धड़कनें तेज हो गयीं हैं। सोमवार देर शाम तक छह गांव के बाहरी छोर पर घाघरा का पानी पहुंच गया। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।

रामपुर मथुरा में सरयू (घाघरा) नदी के बढ़ते जलस्तर सात ग्राम पंचायतों केवड़ा, बगस्ती, शुकुल पुरवा, कनरखी, अटौरा, अंगरौरा, कलुआपुर प्रभावित रहे हैं। लेकिन इस बार शुकुल पुरवा ग्राम पंचायत के आठ मजरे कुन्ना पुरवा, रामरूप पुरवा, लोधन पुरवा, भूषन पुरवा, सुन्दर पुरवा, नारायन पुरवा, बुचऊ पुरवा, नागेश्वर पुरवा की आबादी के लिए आंशिक असर आना आरंभ हो गया है। कारण, नदी का कटान पहाड़ों पर हुई बरसात से पिछले कई दिनों से जलस्तर में वृद्धि हुई। रविवार रात जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण लोधनपुरवा के पास नदी ने कटान तेज कर दी है। ऐसे में लोधनपुरवा में बने कंपोजिट विद्यालय कटान की जद में आ सकता हैं। नदी से कुछ मीटर की दूरी पर ही विद्यालय है।


कटान करती सरयू (घाघरा) नदी। अमृत विचार


मनोहर राजपूत।


दाढ़ी विक्रम।


बाल देशराज।


सुरेश प्रसाद।

**विद्युत व्यवस्था बाधित, अंधेरे में रात गुजार रहे ग्रामीण:** ग्रामीण फौजदार देशराज, बलराम, विक्रम, फूलचंद्र, विशंभर, गया प्रसाद, नरेश, सुंदर आदि ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के समय लाइट काट दी जाती है। कोरासिन न मिलने के कारण रात अंधेरे में गुजारनी पड़ती है। जंगली जीव का भी भय बना रहता है।

**नई नांव मिले तो बने बात:** ग्रामीण मनोहर राजपूत ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत से नाव उपलब्ध कराई गई थी, जो टूट गई है। प्रशासन की तरफ से अभी तक नाव नहीं उपलब्ध हो सकी है। ग्रामीण विक्रम ने बताया कि नदी में थोड़ी और वृद्धि होने पर आवागमन एक रात मात्र रास्ता नाव ही होता है, हम ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर आवासीय जमीन उपलब्ध करा दी जाए, तो प्रत्येक वर्ष काटन की जद में आने से नया आशियाना ना बनाना पड़े।

> आवागमन न होने पर नाव द्वारा राहत सामग्री पहुंचाई जाएगी। कोई भी राहत सामग्री से वंचित नहीं रहेगा। तहसील प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था की गई है, तैयारियां पूरी हैं।
>
> –बालकृष्ण सिंह, एसडीएम, महमूदाबाद।

**आवागमन बंद होगा तो बढ़ेंगी परेशानियां:** गांव निवासी देशराज ने बताया कि थोड़ा और पानी बढ़ने से आवागमन बंद हो जाएगा। जिससे परिवार चलाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, घरों में पानी आ जाता है। ऐसे में दिनचर्या खाना - सोना तख्त पर ही करना पड़ता है। गांव निवासी सुरेश प्रसाद ने बताया कि प्रशासन की तरफ से लंच पैकेट, लइया- चना आदि बांटा जाता है।

## एक नजर

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सेवता, सीतापुर, अमृत विचार :** रेउसा क्षेत्र के खरौहां गांव के पास हुए सड़क हादसे में घायल सेवता निवासी सौरभ की इलाज के दौरान पीजीआई लखनऊ में मौत हो गई। सौरभ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। पहले सीएचसी रेउसा और फिर जिला अस्पताल होते हुए उसे पीजीआई रेफर किया गया था। परिजनों ने शिवम पुत्र सुशील निवासी सेवता और विवेक पुत्र बेचन पर शक जताते हुए तहरीर दी है। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है, मामला दर्ज किया जा रहा है।

### रेलवे लाइन किनारे पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** गुलरामऊ क्रॉसिंग के पास को एक अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे लाइन किनारे पेड़ से लटका मिला। शव क्षत–विक्षत हालत में था और करीब 10 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है। उसने ग्रे शर्ट, काली लोअर और चप्पल पहन रखी थी। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि अज्ञात शव कि पहचान करने के प्रयास किए जा रहे है पास के सभी थानों में दर्ज गुमशुदगी को लेकर संपर्क किया जा रहा है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**मिश्रिख (सीतापुर),अमृत विचार :** कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र के ग्राम चन्द्रवाल में सर्पदंश से 54 वर्षीय महिला गीता की मौत हो गई। मृतका के पति संत कुमार ने तहसीलदार मिश्रिख को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोमवार को उनकी पत्नी गीता मिश्रा(55) घर के बाहर लेटी थीं, तभी अचानक एक जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। परिजन गीता को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख लेकर पहुंचे, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

### बाग पर जबरन कब्जे का आरोप, न्याय की मांग

**मिश्रिख (सीतापुर),अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बानपुर गांव निवासी पीड़ित सुभाष चंद्र पाण्डेय ने उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आम, जामुन और नीम के पेड़ों वाला बाग उनके पूर्वजों द्वारा लगाया गया था। जिसे वर्ष 2004 में पड़ोसी गांव निवासी ने एक राजस्वकर्मी से मिलीभगत करके कागजों में हेरफेर किए हैं। सुभाष चंद्र पाण्डेय ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### रामपुर मथुरा में निःशुल्क बीजों का वितरण शुरू

**रामपुर मथुरा (सीतापुर),अमृत विचार :** राजकीय बीज भंडार रामपुर मथुरा में मोटे और स्वास्थ्यवर्धक अनाजों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा निशुल्क बीजों का वितरण किया जा रहा है। सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रमोद कुमार ने बताया कि अब तक 74 किसानों को निशुल्क बीज किट का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों के पास कम से कम एक एकड़ भूमि होना आवश्यक है। बीज प्राप्त करने के लिए खतौनी, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर दर्ज कराना आवश्यक है।

### रैनबो किड्सजोन शिक्षण शिविर का आयोजन

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** मोहल्ला आजाद नगर तम्बौर में स्थित रैनबो किड्सजोन शिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नेता जय कुमार वर्मा और मौलाना सुहैल अहमद ने शिक्षण संबंधी जानकारियां साझा कीं। मौके पर डॉ. वकील, मास्टर तिलमीज, जावेद सुल्तान, अबुल खैर नदवी, मास्टर विशाल रस्तोगी, सभासद सैय्यद मोहम्मद रेहान, मास्टर अतीकुर्रहमान, मास्टर अकलीम सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला से 62 हजार की साइबर ठगी

**संवाददाता पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक महिला को डॉलर भेजने का झांसा देकर पहले ठगा गया और फिर खुद को अधिकारी बताकर पुलिस भेजने और घर सील कराने की धमकी देकर उससे 62 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। अज्ञात ठग ने महिला सीमा से संपर्क कर विदेशी मुद्रा भेजने का लालच दिया। जब महिला ने संदेह जताया तो ठग ने खुद को किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताया और कहा कि यदि पैसा नहीं भेजा गया तो पुलिस घर पर भेज दी जाएगी और संपत्ति सील कर दी जाएगी। डर के कारण महिला ने अपने जेवर गिरवी रखे और जनसुविधा केंद्र के माध्यम से आरोपी द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर 62 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी आरोपी ने और रकम की मांग की और दोबारा धमकी दी। महिला ने जब पूरी घटना अपने पति को बताई तो देर शाम वह अपने ससुर के साथ थाने पहुंची और मामले की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मामले की जांच साइबर क्राइम सेल को सौंप दी गई है।

## लिफ्ट मांगने वाली महिला से जबरदस्ती, चलती बाइक से कूदी

रामपुर मथुरा (सीतापुर)

**शर्मनाक**

- रामपुर मथुरा क्षेत्र की घटना, कमर व चेहरे पर आई गंभीर चोटें
- आरोपियों को पकड़ने के लिए छानबीन कर रही है पुलिस

**अमृत विचार :** थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के अंतर्गत पैंतेपुर चौकी क्षेत्र में सोमवार को एक महिला के साथ जबरदस्ती और अश्लील हरकत की गंभीर घटना सामने आई है। मेड़िहा गांव की निवासी महिला दोपहर करीब 2 बजे पोखरा से अपने गांव लौट रही थी। रास्ते में उसने एक बाइक सवार से लिफ्ट मांगी, जिसने पहले तो सहमति जताते हुए उसे बैठा लिया। लेकिन जब वे मेड़िहा गांव के पास पहुंचे, तो महिला ने उतरने की इच्छा जाहिर की। इस पर बाइक सवार ने उसे जबरन पैंतेपुर ले जाने की बात कही और बाइक रोकने से इनकार कर दिया। महिला ने जब खुद को असुरक्षित महसूस किया तो चलती बाइक से छलांग लगाकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इस हादसे में महिला के कमर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक पैंतेपुर का बताया जा रहा है। पैंतेपुर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सार-संक्षेप

### जेल में आजम खां से मिले जौहर यूनिवर्सिटी के 3 कर्मचारी

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और जौहर यूनिवर्सिटी के संस्थापक आजम खां से सोमवार को यूनिवर्सिटी के तीन कर्मचारियों ने जिला जेल में मुलाकात की। रामपुर से पहुंचे प्रतिनिधियों आमिर मियां, नासिर और सफीउल्ला ने जेल मैनुअल के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर यह मुलाकात की। करीब एक घंटे तक चली इस बैठक में यूनिवर्सिटी से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें आजम खां को दिखाई गईं। सूत्रों के अनुसार, मुलाकात में यूनिवर्सिटी की प्रबंधन व्यवस्था, दस्तावेजी कार्रवाई और कानूनी रणनीतियों पर चर्चा की गई। कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि मुलाकात पूरी तरह नियमानुसार हुई। दस्तावेजों की जांच–पड़ताल के बाद ही प्रतिनिधियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। बता दें कि बीते गुरुवार को आजम खां की पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटा अदीब आजम भी जेल में उनसे मुलाकात कर चुके हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान भी यूनिवर्सिटी और कानूनी मामलों को लेकर विचार–विमर्श हुआ था। आजम खां लंबे समय से सीतापुर जेल में बंद हैं।


आजम खां से मिलकर जेल से निकलते जौहर विवि के प्रतिनिधि। अमृत विचार

### घेरकर प्रधानपति पर जानलेवा हमला, गंभीर

**सीतापुर,अमृत विचार :** हरगांव इलाके की ग्राम पंचायत हरिरामपुर के मजरा भैंसहा में प्रधान पति व परिजनों पर कुछ लोगों ने विवाद के बाद जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस केस दर्ज करते हुए मामले में जांच शुरू कर दी है। हरगांव थानाक्षेत्र के हरिरामपुर मजरा भैंसहा गांव के प्रधान पति घनश्याम अपने भतीजे उदित और पुत्रों के साथ जा रहे थे। बताते हैं कि परिवार गांव से निकला ही था। इसी दौरान विपक्षी अर्जुन, करण, अरविन्द, गोविन्द आदि ने अपने वाहनों को खड़ा करके इन्हें घेर लिया। जानलेवा हमला किया, जिसमें घनश्याम और उदित को गंभीर चोट आई हैं। थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया कि वेदप्रकाश की तहरीर पर केस दर्ज करके हुए मामले में जांच शुरू की गई है।

### यूपी आम महोत्सव में शामिल होंगे सीतापुर के आम उत्पादक

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2025 का आयोजन आगामी 4 से 6 जुलाई तक अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर–9, अमर शहीद पथ, लखनऊ में किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद सीतापुर के उत्कृष्ट आम उत्पादक कृषक भी भाग लेंगे और अपनी बेहतरीन आम की प्रजातियों का प्रदर्शन करेंगे। जिला उद्यान अधिकारी राजश्री ने जनपद के कृषक बंधुओं को जानकारी देते हुए कहा कि जो बागवान इस महोत्सव में भाग लेने या अपनी आम की प्रजातियों का प्रदर्शन करने के इच्छुक हैं, वे किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय पौधशाला परिसर, स्वरूपनगर, निकट फायर ब्रिगेड केंद्र, पुलिस लाइन, सीतापुर पर संपर्क कर सकते हैं।

### टूल किट्स वितरण योजना : आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सीतापुर,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ के तत्वावधान में संचालित माटीकला टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए परंपरागत माटीकला कारीगरों को नि :शुल्क विद्युत चालित चाक सहित टूल किट्स वितरित की जाएंगी। इस संबंध में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, श्री जगदीश ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक पुरुष एवं महिला लाभार्थी (जो परंपरागत माटीकला कार्य में संलग्न हैं) ऑनलाइन आवेदन upmatikalaboard.in/home/ToolkitApplication लिंक पर जाकर 1 जुलाई तक कर सकते हैं।

### भूमाफियाओं पर करें सख्त कार्रवाई : एसडीएम


बैठक करते उप जिलाधिकारी मिश्रिख शैलेंद्र कुमार मिश्रा। अमृत विचार

**मिश्रिख (सीतापुर),अमृत विचार :** तहसील सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एंटी भू–माफिया टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्राधिकारी मिश्रिख आलोक प्रसाद, तहसीलदार मिश्रिख, सभी नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता, सिंचाई विभाग के अधिकारी सहित सभी प्रभारी निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस विभाग समन्वय बनाकर सरकारी व निजी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों की समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई न हो।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 70 पौधे रोपे गए

**लहरपुर (सीतापुर),अमृत विचार :** क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल मस्जिदया में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र नाथ प्रजापति ने की। संगोष्ठी के उपरांत एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के 70 पौधों का रोपण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र नाथ प्रजापति ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। पेड़ लगाना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है उसकी देखभाल और परवरिश। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि विद्यालय परिसर की खाली भूमि पर छायादार और फलदार पौधों का रोपण कर इसे हराभरा बनाएं। उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया।


पौधरोपण करते खण्ड शिक्षा अधिकारी।

## उत्कृष्ट करदाताओं को मिला सम्मान

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जिले के सर्वोच्च करदाताओं, व्यापारियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने मुख्यमंत्री द्वारा व्यापारियों के सम्मान के लिए गए इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भारत के गौरवशाली इतिहास की विभूतियों को सम्मानित करने की परंपरा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम संयुक्त, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्यकर राम मूरत, संयुक्त आयुक्त (विवेचना अनुशासन) वी.पी. सिंह, राज्य कर उपायुक्त जयेश कुमार सिंह, सुनील कुमार, अच्छे लाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उद्यमी, व्यापारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।



उत्कृष्ट जयंती पर सम्मानित करते व्यापारी। अमृत विचार

**इनको मिला सम्मान**

सम्मानित किए गए प्रतिष्ठानों में विश्व समुद्र इंजीनियरिंग, अग्रवाल ऑटो सेल्स, नरेंद्र ऑटोमोबाइल्स, जेपी सेल्स कॉरपोरेशन, जयंत सीमेंट, औद्योगिक प्रतिष्ठान, अवध शुगर मिल लि, बंसल राइस मिल, वंस एडिबल ऑयल, सेठिया मिल लिमिटेड, मैसर्स श्याम उद्योग राइस मिल, हाफिजिया आर्ट हैंडलूम शामिल हुए।

## जिला कृषि अधिकारी ने की दुकानों की जांच, एक को नोटिस जारी

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** जनपद के किसानों के लिए राहत की खबर है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार की उर्वरक की कोई कमी नहीं है। सभी आवश्यक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 24,698 मीट्रिक टन यूरिया, 7,544 मीट्रिक टन डीएपी, 13,014 मीट्रिक टन एनपीके, 429 मीट्रिक टन एमओपी और 8,530 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी एवं कृषि रक्षा अधिकारी की टीम ने जनपद के विभिन्न उर्वरक विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स श्री अन्नपूर्णा ट्रेडर्स नेरीकलां, मैसर्स आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र नेरीकलां, मैसर्स एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप ब्रह्मावली, मैसर्स शुक्ला खाद भंडार काजी कमालपुर, मैसर्स अशोक खाद भंडार हरगांव, मैसर्स हीरालाल खाद भंडार हरगांव, मैसर्स रामसेवक खाद भंडार हरगांव, क्रय-विक्रय समिति हरगांव एवं गुप्ता फर्टिलाइजर्स हरगांव का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मैसर्स शुक्ला खाद भंडार, काजी कमालपुर द्वारा स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर प्रस्तुत न किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## पराविधिक स्वयं सेवकों के साक्षात्कार 2 व 3 जुलाई को

**सीतापुर, अमृत विचार:** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर पराविधिक स्वयं सेवकों के चयन के लिए साक्षात्कार की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। तहसील महमूदाबाद, बिसवां, महोली, लहरपुर, सिधौली एवं मिश्रिख क्षेत्र के आवेदकों का साक्षात्कार 2 जुलाई को सुबह 11 बजे जबकि तहसील सदर व मुख्यालय स्तर के समस्त आवेदकों का साक्षात्कार 3 जुलाई को होंगे। यह साक्षात्कार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/एडीआर केंद्र, जनपद न्यायालय परिसर, में गठित कमेटी द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

## अता कर मुझको...मैं पियूं जामे शहादत, यह मेरा अरमान है

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

- बिसवां में दबिस्ताने अदब की ओर से आयोजित एक शाम शहीद-ए-कर्बला के नाम

**अमृत विचार :** स्थानीय साहित्यिक संस्था दबिस्ताने अदब बिसवां के तत्वावधान में मदरसा बेबीज स्टडी सेंटर में एक भावपूर्ण काव्य संध्या एक शाम शहीद-ए-कर्बला के नाम का आयोजन किया गया। यह आयोजन हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में किया गया, जिसमें क्षेत्र के नामचीन शायरों ने अपने कलाम के जरिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सलीम कुरैशी व संचालन अनवर बिसवानी ने की। महफिल की शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत से हुई, इसके पश्चात डॉ. शकील सागर ने नात-ए-पाक के अशआर पेश किए। शुरुआती स्वागत वक्तव्य मास्टर आरिफ अंसारी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने सभी शायरों एवं आमंत्रित अतिथियों का दिल से इस्तकबाल किया। हाफिज अफाक ने अपने कलाम में कहा कि किस्मत संवर जाएगी अल्लाह की कसम, मिल जाए बदनसीब को सदका हुसैन का। डॉ. अफजल लहरपुरी ने यजीदी सोच के खिलाफ इमाम हुसैन की शहादत को आवाज देते हुए पढ़ा यजीदी फौज मेरे भी खिलाफ उतरेगी, बुलंद कर दिया मैंने हुसैन का परचम। डॉ. शकील सागर ने अपने जज्बात कुछ यूं बयां किए अता कर मुझको खुदाया तू हुसैनी हौसला, मैं पियूं जामे शहादत, यह मेरा अरमान है। अनवर बिसवानी ने सुनाया, मकतल में जा रहा है हथेली पे सर लिए, अल्लाह बस तू ही है निगहबां हुसैन का। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सलीम कुरैशी ने गम और जज्बात का इजहार करते हुए कहा कि मासूम पर है तीरे सितम, किस से क्या कहूं, अब इससे इंतिहा-ए-सितम और होगा क्या। जुबैर बिसवानी ने अकीदत के फूल कुछ यूं पेश किए : सलाम उस पर कि जो है अहमद-ए-मुख्तार का प्यारा, सलाम उस पर कि जो है फातिमा के आंख का तारा। इसके अतिरिक्त शमीम नातिक, नय्यर सकेब, जुबैर वारिस, रसूल धर्मपुरी, डॉ. अजहर खराबादी, जुर्रत आजमी जैसे शायरों ने भी अपने कलाम से कर्बला के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये।


काव्य संध्या में शामिल शायर। अमृत विचार

**निर्देश** पिसावां में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत हुई बैठक में सफाई पर विशेष जोर

## जलभराव वाले क्षेत्रों व नालियों में दवा का छिड़काव करें

संवाददाता,पिसावां (सीतापुर)

**अमृत विचार :** पिसावां विकासखंड कार्यालय में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीओ पंचायत इकराम अली ने की।

उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाए और जलभराव वाले क्षेत्रों में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव अनिवार्य रूप से कराया जाए। इकराम अली ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक दवाएं प्राप्त करनी होंगी और अभियान को गंभीरता से संचालित करना होगा। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए साफ-सफाई और दवा छिड़काव बेहद जरूरी है। सीएचसी पिसावां के बीसीपीएम दुर्गेश सिंह ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नालियों की सफाई, कूड़े के ढेर का निस्तारण और मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर दवा छिड़काव से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। सभी विद्यालय परिसरों में सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए। बैठक में बताया गया कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में जिन गांवों की स्थिति खराब पाई जाएगी, वहां तैनात कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अजय पाल, श्रीचंद, सर्वेश, राम रतन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


संचारी रोग नियंत्रण अभियान के कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण। अमृत विचार

## मच्छरों का प्रकोप बढ़ा रहें सावधान : डॉ. मनोज


बैठक के दौरान संबोधित करते डॉ. मनोज। अमृत विचार

**संवाददाता तम्बौर, अमृत विचार :** नगर पंचायत तम्बौर सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक मीटिंग तम्बौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज व एबीपीएम राहुल मिश्रा की ओर से बैठक में शमिल कस्बे के सभासदों को संचारी रोगों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही सभासदों के माध्यम से मोहल्ले वासियों को संचारी रोग नियंत्रण के लिए जागरूक करने को कहा गया। उन्होंने यह भी बताया कि कस्बे में मच्छरों के प्रकोप बढ़ रहा है, सभी लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। बैठक में सैय्यद मोहम्मद रेहान, शुयश श्रीवास्तव, शिवम वर्मा, नईम खान, मेराज खान, मुहील खान, लतीफ अंसारी, साहिद खान, नावेद खान, अली खान, राजेश गुप्ता सहित काफी संख्या में नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।








# 'डॉक्टर्स डे' पर जन-जन के स्वस्थ रहने के लिये मंगलकामनायें

भारत देश के चिकित्सा पेशेवरों की अथक सेवा, समर्पण और करुणा को पहचानने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाता है। यह दिन डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है।

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Ajeet Singh
BHMS

आप सभी को 'डॉक्टर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रहरी मेडिकल स्टोर
निकट पुरानी सब्जी मंडी मेन रोड सलोन

सौरव अग्रहरी
प्रोपराइटर

आप सभी को 'डॉक्टर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं

DR. AMRENDRA KUMAR YADAV
(BHMS, D PHARMA)
SRI RAM LIFE CARE CENTRE
KHERO ROAD GURUBAKSHGANJ RAEBARELIE UP,
CMO RAGISTRATION NO RMEE2115134

आप सभी को 'डॉक्टर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां सभी प्रकार के ऑपरेशन और ओपीडी आईपीडी की सेवा 24 घंटे उपलब्ध है।
डॉ. आर.के. सिंह — प्रबंधक
डॉ. गौरव कुमार पाल — प्रबंधक
डॉ. ए.के. सिंह — संचालक
डॉ. एस. बघेल — संचालक
डॉ. जी.के. — संरक्षक
राजू महिमा — मैनेजिंग डायरेक्टर
डी. सी. तिवारी — मैनेजर
मो0नं0- 9026325924, 9194444199

डॉक्टर्स डे पर जनपद वासियों के सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाइयां

लाइफ लाइन मेडिको
मनोज रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट
मो. 9792806070, निवासी कंधरपुर, रायबरेली

फीनिक्स हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
वेंटिलेटर युक्त I.C.U
N.I.C.U.
डायलिसिस
यूरो सर्जरी
जनरल मेडिसिन
जनरल सर्जरी
नार्मल डिलवरी
सिजेरियन डिलवरी
हृदय रोग



24/7 Emergency Services
मो.- 9140596249, 9565100093, 9455420092
पता- सी-1 इन्दिरा नगर नेहरू नगर रोड, रायबरेली

आप सभी को 'डॉक्टर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्णा पाली क्लीनिक
डलमऊ रोड जगतपुर
डा.अनुज कुमार

आप सभी को 'डॉक्टर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं
दीप मेडिकल स्टोर
निकट सीएचसी सलोन-प्रतापगढ़ रोड सलोन

सिमर सिंह
प्रोपराइटर
गुरुदीप सिंह

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
महावीर हॉस्पिटल
सी-193, शहीद स्मारक रोड, नेहरू नगर, रायबरेली, मो0: 8545938080
डॉ. रुचि त्रिवेदी
BAMS
निदेशक/ प्रबंधक

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं

Dr. Abdul Hameed
BHMS ( General Physician)
Fellowship in emergency medicine


आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. प्रियंका सिंह
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
डॉ. अभिषेक सिंह
चिकित्सा अधिकारी
डलमऊ रायबरेली

शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा।।

सौ लोगों में से एक शूरवीर होता है। हजार लोगों में एक विद्वान होता है। दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है। वहीं लाखों में बस एक ही दानी होता है।

## संपादकीय

# कालेज परिसर में दरिंदगी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही कॉलेज परिसर में घसीटा जाता है, गैंगरेप किया जाता है, वीडियो रिकॉर्ड होता है और उसे धमकी दी जाती है कि अगर किसी से कुछ कहा तो यह वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि कॉलेज का वह परिसर जो पढ़ाई और कानून की समझ के लिए बनाया गया था, वह एक साजिशी अपराध की जगह कैसे बन गया? सीसीटीवी कैमरे चालू थे, सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है, फिर भी पुलिस ढंग से तभी हरकत में आई जब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। मुख्य आरोपी अब गिरफ्तार किए जा चुके हैं। क्या मौके से मिले सबूत काफी नहीं थे पुलिस को फौरन कार्रवाई के लिए? या फिर राज्य सरकार को पहले यह तय करना था कि आरोपियों का राजनीतिक संबंध कितना भारी पड़ेगा? क्या इसलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी इस बार भी उतनी ही स्पष्ट है जितनी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के केस में थी? यह पहली बार नहीं है कि कोलकाता के किसी कॉलेज में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ हो। ठीक दस महीने पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इंटर्न डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस केस में भी तमाम सबूतों के बावजूद कार्रवाई धीमी रही और अब तक न्याय अधूरा है।

सवाल यह है कि क्या कोलकाता के कॉलेज लड़कियों के लिए कैंपस नहीं, क्राइम सीन बनते जा रहे हैं? क्या महिला सुरक्षा अब भी केवल घोषणाओं और चुनावी वादों तक सीमित रहेगी? राज्य सरकार कह रही है कि आरोपी पार्टी से कोई रिश्ता नहीं, लेकिन ये स्पष्टीकरण तब क्यों आता है जब आरोप गहराने लगते हैं? बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांग रही है, महिला आयोग की टीम को कॉलेज कैंपस में देर से प्रवेश दिया गया क्या यह सब एक लड़की की अस्मिता से बड़ा है? क्या हम फिर वही कहानी दोहराते रहेंगे-पहले रेप, फिर चुप्पी, फिर राजनीति, फिर मीडिया ट्रायल, और फिर धीरे-धीरे भूल जाना? क्या छात्रा की आपबीती, जिसमें वह कहती है कि "मुझे लगा मैं जिंदा नहीं बचूंगी," केवल एक सुर्खी बनकर रह जाएगी? समाज, पुलिस, कॉलेज प्रशासन और राजनेता सभी को यह तय करना होगा कि वे पीड़िता के साथ खड़े हैं या आरोपियों की चुप्पी के हिस्सेदार हैं। क्योंकि सवाल अब यह नहीं कि अगला शिकार कौन होगी, सवाल यह है कि अगली बार भी सब उतने ही चुप रहेंगे क्या?

# क्या मशीनें भर सकती हैं धरती का घाव



नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है।

जब धरती की छाती पर मशीनों की सनसनाहट प्रकृति के हृदय की धड़कनों को दबा दे, जब वनों की हरियाली पर कृत्रिम सोल्यूशनों का धुंआ छा जाए, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो उठता है-क्या तकनीक वास्तव में उस करुण क्रंदन का प्रत्युत्तर है जो जलवायु न्याय की मांग करता है? आज मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है जहां एक ओर विज्ञान अपने चमत्कारों से भविष्य गढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर पृथ्वी, जो मां के समान हमें जीवन देती रही, उसके आंचल पर हमने प्रदूषण, शोषण और उपेक्षा के धब्बे छोड़ दिए हैं। 'क्लाइमेट जस्टिस बनाम क्लाइमेट टेक्नोलॉजी' की यह बहस कोई साधारण विमर्श नहीं, बल्कि सभ्यता के विवेक और वर्चस्व की उस लड़ाई का प्रतीक है जिसमें ग्लोबल नॉर्थ अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचकर तकनीकी उपायों की आड़ में नए उपनिवेश रच रहा है, जबकि ग्लोबल साउथ अब भी उन आंधियों को झेल रहा है जो उसने कभी बोई ही नहीं थीं।

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है। यह दृष्टिकोण मानता है कि जलवायु संकट का बोझ समान रूप से वितरित नहीं हुआ है, न तो उत्पत्ति के स्तर पर और न ही प्रभाव के स्तर पर। ऐतिहासिक रूप से, ग्लोबल नॉर्थ यानी यूरोप, अमेरिका, जापान जैसे विकसित देश औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक वायुमंडल में सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ते आए हैं। इसके विपरीत, ग्लोबल साउथ जैसे भारत, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के अन्य विकासशील देश, ऐसे हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन किया है, परन्तु जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सबसे अधिक झेला है। यही विसंगति जलवायु न्याय की मूल भावना है।

इस असंतुलन को ठीक करने के लिए 'क्लाइमेट जस्टिस' की परिकल्पना न्याय, उत्तरदायित्व और पुनर्वितरण पर आधारित है।



इसका तात्पर्य यह है कि जिन राष्ट्रों ने इतिहास में अधिक प्रदूषण किया है, उन्हें आज जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न केवल अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की, बल्कि उन विकासशील देशों की सहायता करने की भी जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसमें तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता और जलवायु अनुकूलन के उपाय शामिल हैं। लेकिन समस्या यहीं समाप्त नहीं होती।

जब ग्लोबल नॉर्थ तकनीकी समाधानों की बात करता है, जैसे कि कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी या सोलर जियोइंजीनियरिंग तो यह एक नई बहस को जन्म देता है। क्या यह वास्तव में समस्या का समाधान है या केवल एक और तकनीकी भ्रम है जो मूल कारणों से ध्यान भटका देता है? क्या यह जलवायु संकट की वास्तविक नैतिक और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का एक नया उपनिवेशवादी तरीका नहीं है?

कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, जिसमें उद्योगों या वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को खींच कर ज़मीन के भीतर दफना दिया जाता है, सुनने में आकर्षक लग सकती है। परन्तु यह तकनीक अभी तक व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो सकी है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी संशय बना हुआ है। अधिकांश सीसीएस प्रोजेक्ट्स या तो असफल रहे हैं, या फिर इतने महंगे हैं कि इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करना व्यावहारिक नहीं दिखता। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस तकनीक के पीछे छिपा हुआ भाव यह है कि हम अभी भी जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करते रह सकते हैं, क्योंकि हमारे पास "वैकल्पिक उपाय" हैं। यह न केवल एक भ्रम है, बल्कि नैतिक रूप से भी गलत है, क्योंकि यह जलवायु न्याय की भावना को नकारता है।

सोलर जियोइंजीनियरिंग का विचार तो और भी अधिक विवादास्पद है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर आने वाली सौर ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम उपाय किए जाते हैं, जैसे कि स्ट्रैटोस्फीयर में सल्फर डाइऑक्साइड के कण छोड़ना ताकि सूरज की रोशनी को परावर्तित किया जा सके। यद्यपि वैज्ञानिकों ने इसकी कुछ प्रयोगशालाओं में सफलता का दावा किया है, परन्तु इसके दीर्घकालिक और वैश्विक प्रभावों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। अगर यह प्रयोग असफल हो जाए, तो इसका परिणाम वैश्विक मौसम प्रणाली पर भयानक प्रभाव डाल सकता है जिसमें बाढ़, सूखा, मानसून की विफलता आदि की संभावना है।

अब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकें किसके हित में हैं? क्या यह तकनीकें केवल उन राष्ट्रों को सशक्त नहीं करतीं जो पहले से ही अधिक संसाधन, तकनीकी प्रभुत्व और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव रखते हैं? उदाहरण के लिए, यदि अमेरिका या चीन सोलर जियोइंजीनियरिंग का प्रयोग करते हैं और उसके परिणामस्वरूप भारत या अफ्रीका में सूखा पड़ता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक 'कॉमन' मानने की आवश्यकता है, न कि एक प्रयोगशाला जहां कुछ शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए मौसम और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करें।

वास्तव में, जलवायु तकनीकों की यह प्रवृत्ति एक नई तरह की उपनिवेशवादी मानसिकता को जन्म देती है- 'ग्रीन कॉलोनियलिज़्म'। पहले उपनिवेशवादी देशों ने वैश्विक दक्षिण से संसाधन लूटे, आज वे अपने प्रदूषण की भरपाई के नाम पर उन्हीं देशों में "कार्बन ऑफसेट प्रोजेक्ट्स" चला रहे हैं। विशाल भूभागों को "कार्बन सिंक" बनाने के लिए किसानों और आदिवासियों की भूमि छीनी जा रही है, उन्हें जंगलों की रक्षा करने का ठेका दिया जा रहा है जबकि उन जंगलों के 'मालिक' अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन चुकी हैं। यह न तो न्याय है, न विज्ञान, यह एक पॉलिश किया हुआ शोषण है, जिसे अब पर्यावरणीय नैतिकता का लबादा पहनाया जा रहा है।

इस सबके बीच, जलवायु न्याय की पुकार और भी मुखर होती जा रही है। ग्लोबल साउथ के देश बार-बार यह मांग करते आए हैं कि 'लॉस एंड डैमेज' फंड- जिसकी स्थापना कॉप27 में की गई थी, वास्तविक रूप में अमल में आए। यह फंड उन देशों को मुआवज़ा देने के लिए है जो जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसानों से जूझ रहे हैं, जबकि उन्होंने इस संकट में बहुत कम योगदान दिया है। लेकिन अब तक इसमें बहुत कम प्रगति हुई है। तकनीक की आड़ में नैतिक जिम्मेदारी को बार-बार टाल दिया गया है।

इस संबंध में यह जानना भी आवश्यक है कि तकनीक को पूरी तरह खारिज करना भी उचित नहीं होगा। हां, तकनीकें सहायक हो सकती हैं, अगर उनका प्रयोग जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से किया जाए। स्थानीय स्तर पर अनुकूलन तकनीकें, जैसे जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों का आधुनिकीकरण, सौर ऊर्जा का स्थानीयकरण, जैविक कृषि में तकनीकी सहायता आदि, वास्तव में न्यायपूर्ण समाधान बन सकते हैं। लेकिन इनका विकास नीचे से ऊपर की प्रक्रिया में होना चाहिए, न कि ऊपर से थोपे गए मॉडल के रूप में।

हम कह सकतें हैं कि तकनीक एक औज़ार हो सकती है, पर वह लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक हम जलवायु संकट को केवल तकनीकी चुनौती मानते रहेंगे, हम उसके वास्तविक समाधान से दूर भागते रहेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति की भरपाई करना केवल विज्ञान की सीमा से परे है-यह एक नैतिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की मांग करता है और जब तक यह पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक जलवायु न्याय केवल एक नारा रहेगा, और तकनीकें केवल अस्थायी मरहम। हमें मरहम नहीं, उपचार चाहिए- न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ। यही मानवता और प्रकृति दोनों के भविष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## प्रसंगवश

# कलाकार और साहित्यकार



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कला अनैतिकता की दीमक लगने से एक जर्जर सुंदरता भर होती है, कोई बड़ा असर नहीं छोड़ती। यहां अनैतिकता का कोई पवित्रतावादी तात्पर्य नहीं है, क्योंकि आज नैतिकता के प्रधान स्रोत होने चाहिए-बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता। अतः आज अनैतिक का अर्थ है जो बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता का अपने आचरण में विरोधी है। हाल में एक कलाकार-कवि के अभद्र आचरण को किसी विच्छिन्न घटना के रूप में न देखकर हिंदी समाज में नैतिकता के सार्वभौम पतन के संदर्भ में देखा जा सकता है। हर तरफ हिंसा और पितृसत्ता सहित तमाम सत्ताएं बेलगाम हैं। इस कलाकार-कवि को कुछ ज्यादा घेरा गया, यह कहना भी जरूरी है कि यह कोई हंसने या मजा लेने की घटना नहीं है, यह पतन बड़ा कष्टदायक है। यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना का संबंध केवल जेंडर मुद्दे से नहीं है, इस कलाकार-कवि के पुराने बेहूदी प्रकृति के आक्रमणों के लंबे सिलसिले से है जिसकी कड़ी नामवर सिंह, अशोक वाजपेयी आदि से शुरू होती है और उसमें शायद ही आगे सुधार हो। लेखकों पर वैचारिक आक्रमणों का हमेशा स्वागत है, पर क्या हिंदी में ऐसा आक्रमण रत्ती भर बचा है। यह व्यक्तिगत आक्रमण और चुनी हुई चुप्पियों का युग है। यही वजह है कि कई बार हिंदी लेखकों को आत्मप्रचार में उतरना पड़ता है जो एक दयनीय दशा है। दरअसल हिंदी साहित्यिक संसार में सराहना की जितनी गहरी भूख है, उतनी यह दुर्लभ है। इससे बहुत सी अनैतिकताओं और कुंठाओं का जन्म होता है, जिसका असर लेखक की सोच और उसकी साहित्यिक गुणवत्ता पर पड़ता है। बहुत दृढ़ व्यक्ति ही कला और नैतिकता दोनों को जीवन भर साध सकता है। यह प्रेमचंद-प्रसाद-निराला-महादेवी-अज्ञेय-मुक्तिबोध का युग नहीं है! आज हिंदी लेखक अपनी-अपनी छोटी-बड़ी गुमटियों में हैं। कुछ तरह तरह के कारण से अपने को बड़ा लेखक समझते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन इसपर विचार करना चाहिए कि आखिर विश्व मंच पर हिंदी लेखकों की वैसी उल्लेखनीय उपस्थिति क्यों नहीं है जैसी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या एशिया की कई छोटी भाषाओं के लेखकों की भी बड़े पैमाने पर है। महज कलाकार होने और साहित्यकार होने, मनुष्य होने में फर्क है!

# हादसों से सबक लेने की जरूरत



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा।

मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। साथ ही पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

## सोशल फोरम

# संगठनों की चुप्पी पर सवाल



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

जब 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) लागू हुआ, तब उसके क्रियान्वयन की आधारभूमि तैयार करने में अनेक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) की भूमिका उल्लेखनीय थी। बाल अधिकार, समावेशी शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, समुदाय आधारित निगरानी-इन सब पहलुओं को लेकर इन संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाया, शोध प्रस्तुत किए और नीतिगत बदलावों की मांग की। लेकिन आज जब उसी आरटीई की मूल भावना के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में पेयरिंग, मर्जर और स्कूल विलय के नाम पर स्कूलों को 'पुनर्गठित' करने की प्रक्रिया ज़ोर पकड़ रही है तो इन संगठनों की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टि से गांव का स्कूल केवल एक भवन या प्रशासनिक इकाई नहीं होता, वह ग्रामीण समाज की साक्षरता, चेतना और सामाजिक गतिशीलता का केंद्र होता है। ऐसे में स्कूल को भौगोलिक या संख्यात्मक औचित्य के आधार पर बंद या विलीन करना, आरटीई के उस उद्देश्य के विरुद्ध जाता है जो कहता है कि हर बच्चे को निकटतम और सुविधाजनक विद्यालय मिलना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती थी कि वही संस्थाएं जो कभी आरटीई के पक्ष में सड़क से संसद तक सक्रिय थीं, वे आज इन निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगी, बाल हित में सरकार से बात करेंगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी देंगी। लेकिन आज वे लगभग मौन हैं। क्या यह मौन केवल परिस्थितिजन्य है या यह दर्शाता है कि बहुत-सी स्वयंसेवी संस्थाएं अब शिक्षा को बाल अधिकार से अधिक प्रोजेक्ट और पार्टनरशिप के चश्मे से देखने लगी हैं? क्या अब शिक्षा सुधार का मतलब केवल 'डेटा बेस्ड एविडेंस' और 'पॉलिसी ब्रीफ' बन गया है, जिनका उद्देश्य नीति नियंताओं को सहूलियत देना भर है? एक शिक्षाशास्त्रीय समाज में यदि आलोचना, संवाद और प्रतिप्रश्न गायब हो जाएं, तो नीति निर्माण एकांगी हो जाता है। यदि शिक्षा/शिक्षकों के तथाकथित हितैषी संगठन आज चुप रहेंगे, तो कल जब कुछ गांवों से स्कूल गायब हो जाएंगे, तो फिर उनका डेटा, शोध और अनुभव केवल एक निष्क्रिय प्रलेख बनकर रह जाएगा। अब समय है कि ये संस्थाएं पुनः अपने बुनियादी दायित्व की ओर लौटें-बच्चों के लिए बोलें, न कि केवल परियोजनाओं के अनुरूप मौन रहें। **-फेसबुक वॉल से**

## चिकित्सक दिवस पर विशेष

# डॉक्टरों को व्यवस्था की मार से बचाइए



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है।

आम तौर पर हमारे समाज में डॉक्टरों के क्रियाकलापों को लेकर एक अजीब सी नकारात्कता मौजूद रहती है। कई बार सच्चाई को स्वीकार न करके उन्हें खलनायक सिद्ध करने की कोशिश भी की जाती है। डॉक्टरों के खिलाफ आम धारणा यह है कि वे ऑपरेशन करने के लिए लालायित रहते हैं। पैथोलॉजी लैबों, मेडिकल स्टोरों और एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई करने वाले डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों से कमीशन वसूलते है। इसलिए आवश्यकता न होते हुए भी रोगियों को जानबूझकर इन डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों पर जाने के लिए मजबूर करते हैं। डॉक्टरों के खिलाफ इन धारणाओं में कुछ हद तक या फिर काफी हद तक सच्चाई हो सकती है लेकिन इन धारणाओं के आधार पर समूचे चिकित्सक जगत को बदनाम करना तर्कसंगत नहीं है। व्यावसायिकता के इस दौर में भी आज अनेक डॉक्टर समर्पण के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

हम सबका यह कर्तव्य है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले ऐसे डॉक्टरो के जज्बे को नमन करते हुए चिकित्सा जगत में पनपनी विभिन्न विसंगतियों का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम डॉक्टरों के गलत क्रियाकलापों पर तो हल्ला मचा देते हैं लेकिन उनके अच्छे क्रियाकलापों पर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप समाज में डॉक्टरों के खिलाफ एक नकारात्कता छायी रहती है। कोरोना काल में हमारे डॉक्टरों ने जिस समर्पण, बहादुरी और जज्बे के साथ समाज की सेवा की है, वह सराहनीय है। ऐसे समय में जबकि एक आम आदमी को एक-दो घंटा मास्क लगाने में भी दिक्कत महसूस होती है, हमारे डॉक्टरों ने दिन-रात पीपीई किट पहनकर और मास्क लगाकर पसीने में नहाते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। हो सकता है कि इस आपदा को कुछ डॉक्टरों ने अवसर में तब्दील कर दिया हो लेकिन इस आधार पर पूरी डॉक्टर बिरादरी को बदनाम करना क्या तर्कसंगत है? कई बार डॉक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। इस वजह से डॉक्टर स्वयं के ऊपर जिम्मेदारी न लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि वह पहले ही सब तरह के परीक्षण करा लेना चाहता है।

कई बार सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टर संसाधनों के अभाव में भी बेहतर कार्य नहीं कर पाते हैं। अनेक जगहों पर सरकारी अस्पतालों में वर्षों तक मशीने खराब पड़ी रहती हैं। डॉक्टरों द्वारा विभाग को कई पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नही होता है। ऐसे माहौल में योग्य डॉक्टरों का उत्साह कम हो जाता है और उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम डॉक्टरों के समर्पण को व्यवस्था की मार से बचाएं।

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग के सदस्य वी. के. पाल ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। यह कटु सत्य है कि हमारे देश में आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं दयनीय स्थिति में हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। हालांकि सरकार ने अगले पांच साल में इसे तीन फीसद तक करने का लक्ष्य रखा है। जबकि हमारे देश के हिसाब से यह भी कम है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती दिखाई तो दे रही है लेकिन उसका प्रयास व्यावहारिक रूप से क्रियान्वित होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। दरअसल संसाधन सीमित होने तथा व्यवस्था में सुधार न होने के कारण डॉक्टर बेवजह बदनाम होते है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। हालांकि यह सुखद है कि इस माहौल में भी अनेक डॉक्टर अपने पेशे की गरिमा को बचाए हुए है। अनेक पर्यावरणीय कारणों से भविष्य में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ेगा। सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# चिंताजनक है जातीय विद्वेष



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में जातीय उन्माद फन फैला रहा है। इसके पहले कि कालिया नाग रुपी यह जातीय विद्वेष पूरे समाज को विषाक्त कर दे प्रशासन को कालिया दमन के पुराणोक्त चरित्र में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अनुगमन करना होगा। यह क्या देखा जा रहा है कि कहीं स्वघोषित अहीर रेजिमेंट उत्पात मचाये हुए है तो कहीं भीम आर्मी पुलिस से पंगे ले रही है। इटावा में तो हद ही हो गई है जहां कथित यादव रेजीमेंट पुलिस पर पथराव ही नहीं किया गाड़ियां तक तोड़ दीं। दादरपुर गांव में जाति पूंछकर इंट्री देने की खबर है। इलाहाबाद में तो पांच हजार की संख्या में भीमराव आंबेडकर के अनुयायी होने का उद्घोष करने वाली भीड़ ने ऐसा उत्पात मचाया कि आस-पास के जिलों से पुलिस बुलानी पड़ी। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक मशीनरी ऐसी स्थितियों का पूर्वाभास नहीं कर पाई। और सामान्य और शांत जनजीवन में खलल डालने वाली घटनाएं उस सरकार में घट रही हैं जिसकी प्रशासनिक कुशलता की नज़ीरें दूसरे प्रांतों में दी जाती हैं। किंतु कहीं न कहीं कुछ ढ़िलाई या नरमी तो जरुर है भले ही वह अनचाहे हो या फिर किसी छुपे मंतव्य के चलते जानबूझकर। ताकि जनता भी सरे आम सड़क पर उतरती गुंडई का साक्षात कर सके। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि ये उपद्रवी अपने नेताओं की शह पर अपनी पर उतर रहे हैं, बिना आगा पीछा सोचे। और यह सब 2027 के चुनाव के लिए जमीन और आबोहवा तैयार हो रही है। वर्तमान सरकार को उभरते जातीय उन्मादियों को सार्वजनिक अथवा निजीतौर पर समझा देना चाहिए कि उनकी सीमाएं क्या हैं। उनके साथ किसी भी तरह की नरमी न बरती जाए। अन्यथा प्रदेश में जातीय उन्माद कहीं व्यापक रुप से फैलकर विस्फोटक स्थिति में न पहुंच जाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



# 'डॉक्टर्स डे'

## पर जन-जन के स्वस्थ रहने के लिये मंगलकामनायें

भारत देश के चिकित्सा पेशेवरों की अथक सेवा, समर्पण और करुणा को पहचानने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाता है। यह दिन डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हर दिन, डॉक्टर दूसरों के जीवन को प्राथमिकता देते हैं, अक्सर अपनी भलाई की उपेक्षा करते हैं। इस वर्ष की थीम उन लोगों की देखभाल करने की याद दिलाती है जो हमारी देखभाल करते हैं।'' भारत में डॉक्टर दिवस की शुरुआत 1991 में भारत सरकार द्वारा देश के सबसे सम्मानित चिकित्सकों में से एक और सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल के दूरदर्शी डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में की गई थी। डॉ. रॉय पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित भी थे। 1 जुलाई, 1882 को जन्मे और 1962 में उसी दिन निधन हो गया, डॉ. रॉय की विरासत में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की स्थापना शामिल है। उनके जीवन के कार्यों ने डॉक्टरों की पीढ़ियों को प्रेरित किया है और भारत की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को आकार देना जारी रखा है।





सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ राजेंद्र सोनी**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
शुकुल बाजार अमेठी

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ विनीत**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
शुकुल बाजार अमेठी

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ अवनीश चंद्रा**
सीएचसी अधीक्षक
तिलोई अमेठी

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र**
सिंहपुर

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ सुशील चंद्र शुक्ला**
सीएचसी शुकुल
बाजार अमेठी

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डा० उमेश कुमार**
(डेन्टल सर्जन) सी० एच० सी०
गौरीगंज अमेठी

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**Sanjay Gandhi hospital**
Munshi Ganj
Amethi



**Dr Siddharth ajay**
MBBS MD
Chest physician

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**Sanjay Gandhi hospital**
Munshi Ganj
Amethi



**Dr Navodit Sahani**
Oral &
Maxillofacial Surgeon

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं


**Sanjay Gandhi hospital**
Munshi Ganj
Amethi



**Dr Rahul Gupta**
MBBS ,MS Surg
Laproscopic Surgery


सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस**

हर साल 1 जुलाई को 'डॉक्टर्स डे' मनाकर हम उन चिकित्सकों को सम्मानित करते हैं, जो न सिर्फ बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि समाज के स्वस्थ भविष्य की नींव भी रखते हैं। इस वर्ष, जब मैं इस दिन को देखता हूं, तो मैं न सिर्फ एक डॉक्टर के रूप में, बल्कि एक कैंसर विशेषज्ञ के रूप में यह कहना चाहूंगा कि आज कैंसर एक बढ़ता हुआ संकट है और इसके खिलाफ लड़ाई सिर्फ अस्पतालों में नहीं, पूरे समाज में लड़ी जानी चाहिए। 'ग्रामीण भारत में कैंसर की चुनौती' कैंसर का समय पर इलाज होने पर यह पूरी तरह काबू में आ सकता है, लेकिन हमारे देश के ग्रामीण इलाकों में आज भी सही समय पर जांच और इलाज नहीं हो पाता। संजय गांधी अस्पताल, अमेठी स्थित *Lenus Oncology Institute* में हमने यह देखा है कि छोटे-छोटे गाँवों से आने वाले मरीज़ इलाज के अभाव में बहुत देर से अस्पताल पहुंचते हैं। समय की यह देरी, जान बचाने के प्रयास में सबसे बड़ी रुकावट है। 'हमारा उद्देश्य: स्थानीय इलाज, कम खर्च' हमारा उद्देश्य है कि 'लेनस अश्वन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट' के ज़रिए ग्रामीण भारत में ही अत्याधुनिक कैंसर चिकित्सा उपलब्ध हो ताकि मरीज़ों को लखनऊ, प्रयागराज या वाराणसी जैसे बड़े शहरों की ओर भागना न पड़े। हमने अब तक सैकड़ों मरीज़ों को स्थानीय स्तर पर कीमोथेरेपी और देखभाल उपलब्ध कराकर लाखों रुपये की बचत करवाई है। 'कैंसर से बचाव: जानकारी ही बचाव है' कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं, जागरूकता से भी रोका जा सकता है। तंबाकू का सेवन, खराब खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और अनियमित जीवनशैली ये सब कैंसर को बढ़ावा देने वाले प्रमुख कारण हैं। अगर हम साल में एक बार सामान्य स्वास्थ्य जांच कराएं, समय-समय पर स्क्रीनिंग कराएं और तंबाकू से दूरी बनाएं तो हम न सिर्फ अपने, बल्कि अपने पूरे परिवार के लिए सुरक्षा कवच बना सकते हैं। 'डॉक्टर और समाजरू एक साझी लड़ाई' डॉक्टर अकेले कुछ नहीं कर सकते। जब तक समाज साथ न दे, तब तक किसी भी बीमारी से पूरी तरह लड़ पाना मुश्किल है। इसलिए इस डॉक्टर्स डे पर मेरी सभी नागरिकों से अपील है आइए, कैंसर के खिलाफ इस लड़ाई में हम सभी एकजुट हों। जागरूक रहें, दूसरों को जागरूक करें, और ज़रूरत पड़ने पर बिना देरी के डॉक्टर से मिलें। 'अंत में, एक वादा' Lenus Oncology Institute में हमारी पूरी टीम इस संकल्प के साथ काम कर रही है कि चाहे मरीज़ किसी भी गांव से आए, उसे विश्वस्तरीय कैंसर देखभाल, स्नेह और सम्मान से मिले और वह जीवन की उम्मीद के साथ लौटे।



**डॉ. विनीत नक़रा**
निदेशक एवं प्रमुख,
लेनस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट,
संजय गांधी अस्पताल, अमेठी


आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं



**Dr Uday Raj Dwivedi**
Md Sanjeevani Criticare hospital
BHEL road no 1

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ सुधीर वर्मा**
सीएचसी अधीक्षक शुकुल बाजार अमेठी

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ पी के उपाध्यक्ष**
डिप्टी सीएमओ अमेठी

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ आलोक तिवारी**
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
अमेठी

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**बघेल हॉस्पिटल**
(हड्डी रोग निवारण केंद्र)
जलालपुर रोड जगदीशपुर



**डॉ. हिमांशु बघेल**
संचालक



**आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं**
इंदिरा गांधी स्कूल और कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मुंशीगंज अमेठी मेंटोर इंस्टिट्यूट दर्जा प्राप्त
सत्र 2025-26 प्रवेश प्रारम्भ




**डा० रमेश षनसुगम**
प्राचार्य
एएनम ,जीएनएम ,बी एससी नर्सिंग ,पोस्ट बेसिक बीएसई नर्सिंग ,एमएससी नर्सिंग


**संजय गाँधी अस्पताल**
अमेठी

आप सभी को **डॉक्टर्स डे** की हार्दिक शुभकामनाएं




प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को हम डॉक्टर्स डे के रूप में मनाते हैं यदि अमेठी की बात करें तो संजय गांधी अस्पताल जिसकी नींव पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने अपने बेटे स्वर्गीय संजय गांधी जी की स्मृति में इसकी स्थापना की थी लगभग 40 वर्षो से अमेठी व इससे से लगे हुए जिलों की जनता को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहा है परंतु पिछले कुछ वर्षो में अस्पताल प्रशासन के अथक प्रयासों से अस्पताल में कई सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाएं प्रारंभ की गई है जिसमें नेफ्रोलॉजी (गुर्दे या किडनी रोग) हृदय रोग विभाग, कैंसर रोग विभाग, न्यूरो अर्थात मस्तिष्क रोग विभाग गैस्ट्रो अर्थात पेट व लीवर रोग विभाग आदि कई सुपर स्पेशलिटी विभागों की शुरुआत की गई है हालांकि पूर्व में यहां पर मेडिसिन, हड्डी रोग व जोड़ विभाग, महिला रोग व प्रसूति, बाल रोग विभाग, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, कान नाक गला एवं समस्त डायग्नोस्टिक विभागों उपलब्ध है और यह अस्पताल वर्षो से अमेठी की जनता को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहा है यहां सभी डॉक्टर वर्षो से दिन-रात मरीजों की सेवा कर रहे हैं और उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहे हैं और यह कहना अनुचित न होगा कि **संजय गांधी अस्पताल, अमेठी** की लाइफ लाइन या जीवन दायनी संस्था है।

# मानसून की दस्तक से नगर की गलियां पानी से लबालब

## करीब दो घंटे की तेज बारिश से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित, दोपहिया वाहन सवारों को झेलनी पड़ी भारी दिक्कत

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** सोमवार को पहाड़ी क्षेत्रों के बाद मैदानी इलाकों में मानसून के बदरा जमकर बरसे। जिससे लोगों को एक ओर जहां गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं दूसरी ओर नगर में जलभराव की गंभीर समस्या पैदा कर दी। दोपहर बाद हुई करीब दो घंटे की तेज बारिश ने नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों और गलियों को पानी से लबालब कर दिया, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

दोपहर 1 बजे अचानक मौसम बदला और घनी काली घटाओं ने आसमान को ढक लिया। इसके कुछ देर बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिसने उमस भरी गर्मी से तो राहत दिलाई लेकिन नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी। नगर की कोई ऐसी गली नहीं बची जहां पानी न भरा हो। पोनी रोड की मुख्य सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया जिससे दोपहिया वाहन सवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई बाइकें बीच सड़क पर बंद हो गईं और लोग उन्हें खींचते नजर आए। साकेतपुरी, कंचन नगर, श्रीनगर, ब्रह्म नगर, प्रेम नगर, बिंदा नगर, अवधपुरी, नाथू खेड़ा, परमसुख खेड़ा, रविदास नगर, अहमद नगर व अंबिकापुरम समेत तमाम मोहल्लों में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल गया। कुछ घरों और दुकानों में भी पानी घुस गया, जिससे लोग घरों में कैद होकर रह गए। लोगों का कहना है कि हर साल मानसून के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन नगर पालिका जल निकासी को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं करती। लोगों ने प्रशासन से जल्द जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। वहीं झमाझम बारिश के बाद देर शाम तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे आने जाने वाले लोग भीगते हुये अपने गंतव्य को रवाना हुये। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और अधिक बारिश की चेतावनी जारी की है।



झमाझम बारिश से कंचन नगर में हुए जलभराव के बीच से निकलते लोग। अमृत विचार

### 24 घंटे में 84 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर



जलस्तर बढ़ने से पुलों के बीच उफनाने लगी गंगा। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश का असर अब मैदानी इलाकों में साफ दिखाई देने लगा है। नरौरा बांध से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में गंगा का जलस्तर 84 सेमी तक बढ़ गया, जिससे घाट किनारे बसे लोगों की चिंता भी बढ़ गई है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार रविवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 108 .470 मीटर था, जो सोमवार सुबह 8 बजे तक बढ़कर 108 .720 मीटर हो गया। दोपहर 11 बजे यह 109 .130 मीटर, 12 बजे 109 .200 मीटर, 1 बजे 109 .230 मीटर और शाम 6 बजे तक यह 109 .310 मीटर दर्ज किया गया। इस प्रकार, 24 घंटे के भीतर गंगा का जलस्तर कुल 84 सेमी बढ़ा है। तेजी से बढ़ते जलस्तर के कारण गंगा की खुली रेत पानी में डूबने लगी है। नियमित रूप से स्नान करने वाले श्रद्धालु अब सूखे घाटों के भी जलमग्न होने की आशंका जता रहे हैं। वहीं, पश्चिमी किनारे के इलाकों में कटान का खतरा भी बढ़ गया है। नदी किनारे बसे गांवों के लोगों में डर का माहौल है। जल आयोग कर्मियों का कहना है कि फिलहाल जलस्तर में और वृद्धि की संभावना है, क्योंकि नरौरा से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व व वर्तमान चेयरमैन की पिटाई के मामले में जांच जारी

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊगू निवासी पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट बताया था कि वह शनिवार शाम बाइक से नगर के पास स्थित आटा मिल जा रहे थे। तभी नगर के सुरेन्द्र व उसका बेटा अनुज उर्फ दीप ने पुरानी रंजिश को लेकर गाड़ी रोककर मारपीट शुरू कर दी थी। जिससे वह बेहोश होकर गिर गए थे। बचाने पहुंची वर्तमान चेयरमैन अनीता को भी दबंगों ने जातिसूचक गालियां दीं और घर में घुसकर उनसे मारपीट की थी। घायल अनुज का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता ने बताया कि वह दबंगों से डरी हुई हैं और इसके चलते वह घर से नहीं निकली है। उन्होंने दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है। सफीपुर सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अखिल भारतीय कांग्रेस ने घोषित की शहर कमेटी

**उन्नाव, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जिले से प्रस्तावित शहर कांग्रेस कमेटी पर अपनी मोहर लगा दी है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फैज फारूकी ने कमेटी की घोषणा की है। इसमें 1 कोषाध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष, 10 महासचिव व 18 सचिव बनाए गए हैं। शहर कांग्रेस कमेटी की घोषणा करते हुए उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहें। कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर सभी को दायित्व सौंपे जाएंगे। कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष अफजाल मोहम्मद को बनाया गया है। जबकि उपाध्यक्षों में सुनील सिंह, इम्तियाज अहमद, संजय त्रिवेदी, अनीस खान, अब्दुल हफीज, सुरेश श्रीवास्तव व ओमकांत पांडेय शामिल हैं। वहीं, महासचिवों में सरावेन्द्र बहादुर सिंह, रश्मि सेंगर, शमीम, अशोक चौरसिया, मो. रहीम, चंद्र प्रकाश सिंह, इमरान खान, सैय्यद संभा, मुशीर अहमद, शकील खान, सुजीत कुशवाहा, इरम फातिमा, सैय्यद मस्सरअल हक व रीता गौतम शामिल हैं। इसके अलावा शिवम तिवारी सहित 18 सचिव व मीडिया प्रभारी आदि भी बनाए गए हैं।

### विद्यालयों के मर्जर प्रस्ताव पर जताया विरोध

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित जिन विद्यालयों में 50 छात्रों से कम नामांकन है। उनको पड़ोस के विद्यालयों में मर्ज किया जा रहा है। शासन द्वारा जबरन थोपी जा रही यह व्यवस्था मान्य नहीं है तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्षों, सदस्यों, अभिभावकों व ग्राम प्रधानों ने एक सुर में कहा कि हम अपने गांव के विद्यालय का मर्जर मान्य नहीं करेंगे और इस व्यवस्था का विरोध किया। विकासखंड पुरवा के बीआरसी परिसर चम्पियानी में मर्जर व्यवस्था से प्रभावित होने वाले प्राथमिक विद्यालयों (बेसिक) की विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्षों, सदस्यों, अभिभावकों, शिक्षकों, प्रधानों व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री गजेंद्र वर्मा ने कहा कि मर्जर से प्रभावित विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों से सहमति तथा असहमति का प्रस्ताव मांगा जा रहा है। कुछ विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों से जबरन सहमति का प्रस्ताव भी लिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को यह महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय सभी की सहमति से लिया गया कि शासन द्वारा जबरन थोपी जा रही यह व्यवस्था मान्य नहीं है। बैठक को ब्लॉक मंत्री संजय द्विवेदी, कोषाध्यक्ष श्रवण पटेल, अखिलेश बहादुर, मयंक त्रिवेदी, कौशल किशोर, आलोक अवस्थी, शशिकांत, श्रीकृष्ण, जयंति यादव, अन्नपूर्णा वर्मा, सोनम विमल, अवनीश सिंह, चन्द्रभानु सिंह, नीरज, विकास ने संबोधित किया। वहीं प्रधान कंचन देवी, रामलाल, चंद्र शेखर व अभिभावक उपस्थित रहे।

### 20 जुलाई तक चलेगा स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिले में एक अप्रैल से बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में नए शिक्षासत्र की शुरुआत हुई थी। शासन का निर्देश था कि शत-प्रतिशत बच्चों का पंजीकरण किया जाए। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर 'स्कूल चलो अभियान' के तहत रैलियां निकाली गईं। 20 मई से ग्रीष्मावकाश होने के बाद 1 जुलाई से बच्चों के लिए विद्यालय फिर खुल रहे हैं। जिसमें अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की जाएगी। जो 1 से 20 जुलाई तक चलेगा। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि शिक्षकों द्वारा सभी विद्यालयों में सफाई आदि का कार्य करवा दिया गया है। दूसरे चरण में अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। संजीव सक्सेना, प्रदीप वर्मा, अमित तिवारी, दुर्गेश शुक्ला, शिव वर्मा, संतोषी देवी, देवेन्द्र त्रिपाठी, अनूप साहू, रविकिरण, अमित नागी, अतुल साहू, दीपेन्द्र शर्मा, राजवीर यादव, रवि गुप्ता, ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, सूर्यकांत आदि ने अभियान चलाकर छात्र संख्या बढ़ाने की तैयारी की है।

### मर्जर प्रणाली के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन



गंजमुरादाबाद में प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा विद्यालय मर्जर प्रणाली के विरोध में सोमवार को धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संघ के ब्लाक अध्यक्ष रामसिंह कनौजिया ने कहा कि विद्यालय मर्ज करने से ग्रामीण अंचल की शिक्षा व्यवस्था चौपट होगी। ऐसे में विद्यालय मर्ज करना तर्कसंगत नहीं है। इसमें गंगाप्रसाद, खलील राशिद, मानसिंह, अजयपाल, प्रवीण, कोमल यादव, अरुण सिंह, मनोज, कंचन, गंगाराम तिवारी, प्रमोद, धीरज, अल्काफ, श्लोक बाजपेयी, आशाराम आदि शिक्षक मौजूद रहे। इसके अलावा गंजमुरादाबाद स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में भी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने धरना प्रदर्शन किया। इसमें मर्ज किए गए प्राथमिक विद्यालयों की प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य व अभिभावक भी शामिल हुए। प्रदर्शन में संघ की ब्लाक इकाई के अध्यक्ष अजय कटियार, अवधेश कनौजिया, देवेन्द्र यादव, विवेक शुक्ला, नितीश कनौजिया, प्रांजल गुप्ता, हरिओम शुक्ला, रणविजय सिंह, वेदप्रकाश, रमेश सिंह, अल्पना व संतोष कुमार आदि शिक्षक व समिति अध्यक्ष व अभिभावक शामिल हुए।

### फॉल्ट और एबीसी कार्य के चलते घंटों ठप रही नगर की बिजली

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** सोमवार को नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। एक ओर एचटी लाइन में फॉल्ट तो दूसरी ओर एबीसी केबल डालने के कार्य के कारण फीडर-1 और फीडर-4 की बिजली आपूर्ति कई घंटों तक बाधित रही। इससे नगर के हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। दोपहर करीब 1 :15 बजे गंगाघाट टाउन सबस्टेशन के फीडर-4 की आपूर्ति एचटी लाइन में फॉल्ट के चलते बंद हो गई। तेज बारिश के कारण कर्मचारियों को फॉल्ट खोजने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शाम करीब 5 :30 बजे 33 केवी लाइन की सप्लाई पूरी तरह बंद कर पेट्रोलिंग शुरू की गई। आखिरकार शाम करीब 7 बजे नगर के सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल हो सकी। इसी बीच फीडर-1 क्षेत्र के कंचन नगर, सर्वोदय नगर व राजमार्ग क्षेत्र में एबीसी केबल डालने का कार्य भी जारी रहा, जिसके चलते दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। एक ही दिन में कई बार बिजली गुल रहने से गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो गए। अधिकांश घरों में इनवर्टर जवाब दे गए और पानी की भी भारी किल्लत देखने को मिली। बिजली विभाग ने बताया कि फॉल्ट हटाकर आपूर्ति बहाल कर दी गई है और एबीसी कार्य को जल्द पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

### छापेमारी कर छह को विद्युत चोरी करते दबोचा, की कार्रवाई

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के एक्सईएन के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने सोमवार को तहसील क्षेत्र के गांव जोगीकोट व दसगवां में औचक छापेमारी की। जहां छह लोग अवैध रूप से विद्युत चोरी करते पाए गए। एक्सईएन ने सभी के खिलाफ कार्रवाई की है। एक्सईएन राजनाथ यादव के नेतृत्व में सोमवार को प्रवर्तन दल ने विद्युत कर्मियों के साथ गांव जोगीकोट व दसगवां में छापा मारा। जहां जोगीकोट निवासी हसीन पुत्र मुर्तजा व जुम्मन पुत्र गुलशे तथा दसगवां निवासी आजाद खां पुत्र इशहाक खां, शकील पुत्र खलील, विवेक पुत्र सुरेंद्र पाल व अनुज सिंह पुत्र शारदा सिंह को कटिया व बाईपास के जरिए अवैध तरीह से विद्युत चोरी करते हुए पाया गया। उपखंड अधिकारी विनय आर्य व अवर अभियंता शेर अली ने विद्युत चोरी करते पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भविष्य में विद्युत चोरी न करने की हिदायत दी है।

### सेवानिवृत्ति पर एडीओ समाज कल्याण को दी विदाई

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार :** विकासखंड में तैनात एडीओ समाज कल्याण अधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर विकासखंड कार्यालय में सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें विधायक श्रीकांत कटियार, ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, एडीओ पंचायत हेमंत कुमार सहित वीडीओ, ग्राम प्रधान व पंचायत कर्मियों ने माल्यार्पण, उपहार, शाल भेंटकर विदाई दी। एडीओ समाज कल्याण ब्रह्मवेद पाण्डेय की वर्ष 2008 में ब्लाक फतेहपुर चौरासी में नियुक्ति, वर्ष 2022 में बीघापुर, वर्ष 2024 में पुन: फतेहपुर चौरासी ब्लाक में नियुक्ति हुई थी। सभी ने उनकी कार्यशैली की सराहना कर विदाई दी और उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतुल मिश्रा, जितेंद्र, अवधेश, कुलदीप, प्रमोद पाण्डेय, वीडीओ विवेक गौतम, अभिनव, दिनेश, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को मिली 2 साल की सजा

**उन्नाव :** गैंग बनाकर क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के आरोपी गुड्डू पुत्र शंकर निवासी मनोहर नगर गंगाघाट कोतवाली पर 13 अक्टूबर -2007 को गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। जिसके बाद पुलिस ने उसे कोतवाली क्षेत्र से 17 अक्टूबर- 2007 को पकड़ कर जेल भेजा था। आईओ रिजवान अब्बास ने 3फरवरी -2008 को जांच के कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस एडीजे -8 कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश ने गुड्डू को 2 साल की सजा सुनाई। साथ ही उसपर 5,000 रुपये जुर्माना भी लगाया।

### जिला अस्पताल में खड़ी दो एंबुलेंस की बैट्रियां चोरी

**उन्नाव :** जिला अस्पताल परिसर में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार रात चोर एडवांस लाइफ स्पोर्ट (एएलएस) व 108 एंबुलेंस को निशाना बनाकर इनवर्टर व बैट्री खोल ले गए। जिला अस्पताल परिसर में चौकी की स्थापना के बावजूद चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया है। ऑक्सीजन प्लांट की कॉपर लाइन सहित कई एसी के आउटडोर चोरी होने के बाद रविवार रात चोर अस्पताल परिसर में खड़ी एएलएस एंबुलेंस का ताला खोलकर उसमें लगा इनवर्टर व बैट्री उठा ले गए। वहीं चोरों ने एक 108 एंबुलेंस की बैट्री भी पार कर दी। सुबह ड्यूटी पर पहुंचे पायलटों को इसकी जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। सीएमओ को मामले की जानकारी देने के साथ सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस लगे कैमरों की फुटेज चेक कर चोरों की तलाश में जुटी है।

### उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद दिया तो होगी एफआईआर

**उन्नाव :** जिला कृषि अधिकारी शशांक ने कहा कि यदि कोई विक्रेता उर्वरक निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचता है या मुख्य उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन देता है तो संबंधित किसान अपनी शिकायत कंट्रोल रूम नंबर 7839882173 पर किसी भी कार्यदिवस में कर सकते हैं। कहा कि यदि किसी खुदरा विक्रेता द्वारा किसी कंपनी का अन्य उत्पाद कृषकों को मुख्य उर्वरकों के साथ टैगिंग की जाती है तो संबंधित खुदरा विक्रेता, थोक उर्वरक विक्रेता आदि के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# परिजनों से मिलने जा रहे लोगों को पीटने वालों को भेजा गया जेल

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**कार्रवाई**

- बालिका से अश्लील हरकत करने का मामला

**अमृत विचार:** बालिका से हुई अश्लील हरकत से गांव में तनाव है। इसी बीच पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे गांव के दो युवकों की पिटाई कर दी गई थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि छेड़छाड़ का आरोपी नौशाद अभी भी पुलिस पकड़ से दूर है।

बता दें कि कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने शनिवार को परचून दुकानदार नौशाद पुत्र मासुख अली पर अपनी 8 वर्षीय बेटी से गलत हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने का आरोप लगा उस पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दलित बच्ची के साथ घिनौनी हरकत की अनेक लोगों ने भर्त्सना की थी। इसी कड़ी में बीती शाम गांव के मोहित व विशम्भर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। तभी छेड़छाड़ के आरोपी नौशाद ने अपने भाई दिलशाद व इरफान, बेटे तौसीब, राशिद पुत्र मुन्नू खां, सलीम व दो अज्ञात के साथ उन्हें घेर लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों से वार कर मोहित व विशम्भर को घायल कर दिया था। मोहित की तहरीर पर पुलिस ने उन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की थी। सोमवार को आरोपियों में रौनक, दिलशाद, शानू उर्फ रिहान, तौसीब उर्फ तौहीद को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। जबकि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी नौशाद व अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसओ एसएन त्रिपाठी व सीओ सफीपुर मधुपनाथ मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी अन्य जिलों में भाग गए हैं। पुलिस टीम वहां भी दबिश दे रही है।

### कार्रवाई के लिए कोतवाल से मिले विमल द्विवेदी



कोतवाल से बात करते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर कोताली अंतर्गत बीते दिनों 8 वर्षीय दलित बच्ची से अश्लील हरकत करने वाले गैर समुदाय के व्यक्ति की गिफ्तारी को लेकर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने सफीपुर कोतवाल सुब्रत नरायण से भेंटकर आरोपी की जल्द गिफ्तारी व उसे संरक्षण देने वालों पर कार्यवाही की मांग की। इस पर कोतवाल ने दोषियों पर कठोर कार्यवाही व जल्द गिफ्तारी का अस्वाशन दिया। विमल द्विवेदी ने उम्मीद जताई कि एसपी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में सफीपुर पुलिस अपराधी को जल्द सलाखों के पीछे पहुंचाने व सख्त कार्रवाई करने का काम करेगी। जिससे भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, कुलदीप तिवारी, गोलू दीक्षित व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पांच लोगों पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव):** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

श्रीनगर निवासी रमेश अवस्थी ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे विनय अवस्थी पर रविवार को मोहल्ले के ही जसवंत सिंह, विनीत सिंह, आदर्श निगम, चरन सिंह और अभिषेक ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया। आरोप है कि पहले से चली आ रही खुन्नस के चलते आरोपियों ने घात लगाकर विनय पर हमला किया और उसे बेरहमी से पीटा। हमले में गंभीर रूप से घायल विनय को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# अधिशासी अधिकारी ने सफाई प्रभारी समेत दो नायकों का वेतन रोका

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

- नाला सफाई में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** मानसून से पूर्व नगर पालिका द्वारा कराई जा रही नाला सफाई में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। एडीएम (न्यायिक) के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी ने सफाई प्रभारी आदित्य मिश्रा सहित दो सफाई नायकों का जून माह का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है।

दरअसल, नगर पालिका परिषद द्वारा जून माह में राजमार्ग के दोनों ओर बने बड़े नाले और वार्डों की नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए थे। सफाई कार्य रात के समय कराया गया, लेकिन कई जगहों पर खानापूरी कर काम निपटाया गया। इसकी शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंची, जिस पर एडीएम (न्यायिक) ने जांच टीम गठित कराई। जांच में वार्ड 11 और वार्ड 27 में सफाई कार्य में लापरवाही की पुष्टि हुई। इस पर एडीएम ने सफाई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि निर्देशों की अवहेलना और लापरवाही बरतने के आरोप में सफाई प्रभारी आदित्य मिश्रा, वार्ड 11 के सफाई नायक हरीलाल और वार्ड 27 के सफाई नायक रामबाबू का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। कर्मचारियों पर कार्रवाई से सफाई विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों को भी चेतावनी मिल गई है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर पांच घंटे तक सड़क जाम कर हंगामा करने वाले 71 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**फॉलोअप**

- दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या किए जाने का मामला

**अमृत विचार:** औरास थानाक्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची की उसके पारिवारिक चाचा ने दुष्ककर्म के बाद हत्या कर शव माइनर में फेक दिया था। पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में पकड़कर जेल भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने परिजनों व ग्रामीणों को भड़काकर हंगामा किया था। इस दौरान करीब पांच घंटे सड़क जाम रही थी। सोमवार को पुलिस ने हंगामे के दोषियों को चिह्नित किया और 11 नामजद व 60 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 6 वर्षीय बच्ची बीती गुरुवार शाम झोपड़ी में रहकर मवेशी ताक रहे बाबा को खाना देकर घर लौट रही थी। तभी गांव निवासी युवक रावेंद्र पुत्र रामचंद्र रास्ते में रोककर मोबाइल में वीडियो गेम खेलने का लालच देकर अपने साथ ले जाकर उससे दुष्कर्म किया था। बच्ची के चीखने पर युवक ने उसकी मुंह व दबाकर हत्या की और गांव से 500 मीटर आगे उसका शव अर्धनग्न हालत में माइनर में फेंककर भाग निकला था। शुक्रवार को शव उतराता देख परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो घटना में रावेंद्र का नाम प्रकाश में आया था। जिसे पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं शनिवार शाम बच्ची का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव लाया गया। परिजन गांव के बाहर उसका शव खेत में दफन करने को ले गए। उसे दफनाने की प्रक्रिया चल ही रही थी तभी कुछ लोगों ने परिजनों व ग्रामीणों को भड़का दिया और जबरन बिना अंतिम संस्कार किए शव लेकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पहुंच गए और मुआवजे व अन्य मांगों को लेकर जाम लगाकर हंगामा किया। सीओ व पुलिस अफसरों को उन्हें समझाने में घंटों लग गए थे। रविवार को पुलिस की मौजूदगी में बच्ची का अंतिम संस्कार हुआ था। सोमवार को पुलिस ने परिजनों को भड़काने वाले 11 नामजद व 60 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि वीडियोग्राफी के दौरान चिह्नित हुए लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिनकी तलाश की जा रही है।

**संसाधनों का अभाव** विद्युत कर्मियों के पास नहीं हैं दस्ताने, झूला, सेफ्टीबेल्ट, हेलमेट, जूता व लाइफ जैकेट, हादसा होने पर परिजनों को नहीं मिलती सरकारी मदद

# जान की बाजी लगाकर लोगों के घर रोशन कर रहे संविदा लाइनमैन

कार्यालय संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** कहने को तो विद्युत विभाग कुछ भी कहे लेकिन इस समय उसके कर्मियों के पास प्राथमिक साधन भी उपलब्ध नहीं हैं। विभागीय अधिकारियों का आलम यह है कि न इसके लिये उनके पास स्पष्ट जवाब है और न ही वे इसे लेकर अपनी जिम्मेदारी समझ रहे हैं। इसके चलते विभाग में तैनात संविदा व आऊटसोर्सिंग कर्मचारी जान हथेली पर रखकर फाल्ट सही कर रहे हैं। ऐसे में हादसा होने पर परिजनों को सरकारी मदद तक नहीं मिलती।

बता दें कि कस्बा स्थित सब डिवीजन में संविदा व आउटसोर्सिंग से करीब 16 कर्मचारियों को नगर व 2 अन्य फीडरों की जिम्मेदारी दी गई है। बारिश में फाल्ट भी अधिक हो रहे हैं। लेकिन इन कर्मियों को विभाग की ओर से सुरक्षा किट व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बिना सुरक्षा उपकरण के इन्हें विद्युत पोल पर फाल्ट ठीक करने को चढ़ा दिया जाता है। ऐसे में यह कर्मचारी जान हथेली पर लेकर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। लेकिन जरा सी चूक होने से अगर कोई हादसा हो जाता है तो इनके परिजनों को कोई सरकारी मदद नहीं मिलती है। सुरक्षा उपकरणों के अभाव में आएदिन संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारी किसी न किसी हादसे के शिकार हो रहे हैं। जबकि, विभाग इन दिनों इन्हीं संविदा व आऊट सोर्सिंग कर्मियों के भरोसे ही चल रहा है। नियमानुसार पोल पर सिर्फ लाइनमैन ही चढ़ सकता है लेकिन, विभाग व कंपनी ठेकेदार संविदा कर्मियों को बिना सुरक्षा उपकरणों के पोल पर चढ़ा दे रहे हैं। वहीं, नियम यह हैं कि इन कर्मियों को रबर के दस्ताने, प्लास, पेंचकस, टेस्टर, झूला, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, जूता दिया जाना अनिवार्य है। लेकिन, यह सुरक्षा के बिना ही 30 से 40 फिट ऊंचाई पर काम करने को मजबूर हैं।



पानी के बीच लगे पोल पर बिना सुरक्षा किट के फाल्ट ठीक करते संविदा कर्मी।



बिना सुरक्षा किट के फाल्ट ठीक करते संविदा कर्मी। अमृत विचार

### दो महीने से कर्मियों को नहीं मिला वेतन

नौकरी से निकल जाने के डर और नाम न छापने की शर्त पर एक लाइनमैन ने बताया कि उनसे बेतहाशा काम लिया जाता है साथ ही समय पर वेतन भी नहीं मिलता। बीते 3 महीने से उनकी कंपनी ने उन्हें वेतन नहीं दिया है। जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों से बात भी की परंतु नतीजा शून्य ही रहा है।

### क्या बोले जिम्मेदार

एक्सईएन विद्युत बांगरमऊ राजनाथ यादव ने बताया कि सभी संसाधनों की व्यवस्था मध्यांचल विद्युत प्रखंड से की जाती है। अभी एक कंपनी को टेंडर हुआ है। कई डिवीजनों में आपूर्ति हो चुकी है। हमारे यहां आपूर्ति होना बाकी है। कंपनी को पत्र भेजकर अविलंब सुरक्षा किट उपलब्ध कराने को कहा गया है। वेतन भुगतान के बारे में कहा कि आउट सोर्सिंग कंपनी द्वारा सभी को समय पर वेतन दे दिया जाता है।

## एक नजर



इंग्लैंड के एजबेस्टन में गेंदबाजी का अभ्यास करते मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### रॉकेट क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे भाटिया

**डेट्रॉयट :** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर रॉकेट क्लासिक गोल्फ के चौथे दौर के आखिरी 12 होल में नौ बर्डी लगाकर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी भाटिया तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55 वें पायदान पर थे लेकिन आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन के बूते उन्होंने अपना अभियान संयुक्त 26वें स्थान के साथ खत्म किया। उनका कुल स्कोर 15 अंडर का रहा। भाटिया ने तीसरे और पांचवें होल में बोगी किया लेकिन फिर सातवें से 10वें होल और 12वें से 15 वें होल तक दो बार लगातार चार बर्डी के साथ शानदार वापसी की।उन्होंने 18वें होल में भी बर्डी लगा कर शुरुआती तीन दौर के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़ा। भाटिया ने शुरुआती तीन दौर में 68, 70, 70 के कार्ड खेले थे।

### स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है।

### छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की

**रूपनगर :** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता की कमी चिंता का विषय

## आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने कुलदीप और अर्शदीप को चुनने की सलाह दी

**लंदन, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी।

भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाये। चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के लिये अपने कॉलम में लिखा हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी, लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरूआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है। लेकिन भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था। भारत के पूर्व कोच ने कहा बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को टीम में जगह मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कुलदीप यादव को भी उतारना चाहिये जो शेन वॉर्न के बाद कलाई का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।

### ईसीबी ने ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया: फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम :** दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान सीरीज शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया।

### इंग्लैंड ने एकादश में कोई नहीं किया बदलाव अभ्यास में शामिल नहीं हुए आर्चर

**बर्मिंघम :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण सोमवार को एजबेस्टन में टीम की अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बने। आर्चर के बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को टीम में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने हालांकि हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करने वाली एकादश को दूसरे टेस्ट के लिए बरकरार रखने का फैसला किया है। दायें हाथ का यह तेज गेंदबाज पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं था। उन्हें अब एकादश का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करना होगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।



कुलदीप यादव।



भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। ● एजेंसी

# बुमराह पर फैसला अगले 24 घंटे में, लेकिन दो स्पिनरों के खेलने की संभावना : सहायक कोच

**बर्मिंघम, एजेंसी**



भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी।

कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस सीरीज में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाज की और फिर फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की।

भारतीय टीम सीरीज को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं। उन्होंने कहा हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है। उन्होंने कहा, हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे। फायदा से मेरा मतलब मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन से है। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉर्ड्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है। भारतीय टीम के सीरीज में पिछड़ने के बाद बुमराह को टीम में शामिल करने बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा यह लुभावना तो है, लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम जसप्रीत के बिना भी सीरीज को 1-1 कर सकते हैं।

# आयुष ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन खिताब

**आयोवा (अमेरिका), एजेंसी**

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।


विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था।



> यह जीत काफी मायने रखता है, यह सीनियर सर्किट पर मेरा पहला खिताब है। मैं बहुत खुश हूं। मैंने यहां बहुत बढ़िया बैडमिंटन खेला। मैं अब अगले सप्ताह कनाडा ओपन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।
>
> -आयुष शेट्टी, बैडमिंटन खिलाड़ी

### तन्वी को फाइनल में मिली शिकस्त

महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। तन्वी ने कहा मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। मैं फाइनल के लिए कोर्ट में आने से पहले थोड़ी घबराई हुई थी और मैंने कई गलतियां की। यह सुपर 300 स्तर पर मेरा पहला फाइनल था, मैं इसे लेकर संतुष्ट हूं।



## मेदवेदेव विंबलडन के पहले दौर में हुए उलटफेर का शिकार

**लंदन :** नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस का यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गया था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गये थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगी महिला टीम

**ब्रिस्टल, एजेंसी**

● नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी की उम्मीद

● स्मृति मंधाना के स्ट्रोक्स से इंग्लैंड के खेमे में चिंता की लकीरें

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।



हरमनप्रीत कौर।

**समय : रात 11:00 बजे से**

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

# सचिन जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी।



उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98 . 48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं। उन्होंने कहा किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है। मसलन रोजर फेडरर इतनी गरिमा और लय के साथ खेलते हैं कि पता ही नहीं चलता कि वह इतना प्रयास कर रहे हैं। मैं अपने अभ्यास में वही उतारना चाहता हूं। यह पूछने पर कि वह किस क्रिकेटर की सुपरपावर भालाफेंक में उतारना चाहेंगे। चोपड़ा ने कहा सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने साल तक इतने शानदार तरीके से देश का प्रतिनिधित्व किया। इतने महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना करके भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा मैं वही सुपरपावर लेना चाहूंगा और वैसे ही खेलना चाहूंगा। इससे मुझे शांत रहकर चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

# मुक्केबाज ने लगाया महिला कोच पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



● बार-बार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण अवसाद में चली गई है जूनियर मुक्केबाज, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है।

इस से जुड़ी प्राथमिकी की प्रति होने के बावजूद 'पीटीआई-भाषा' आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत

मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया। दोनों संस्थाओं ने कहा कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। साइ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। साइ के क्षेत्रीय केंद्र (सोनीपत) ने इस बारे में 'पीटीआई' के सवाल पर कहा अभी तक हमें किसी प्राथमिकी की प्रति नहीं मिली है। एनबीए रोहतक की एक महिला मुक्केबाज ने 24 अप्रैल 2025 को ई-मेल कर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आयरलैंड में 25 मार्च 2025 से तीन अप्रैल 2025 तक आयोजित आमंत्रण मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान एक महिला कोच द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उस शिकायत में यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा, मामले की एक विस्तृत जांच की गई जिसमें शिकायतकर्ता, संबंधित कोच, सभी साथी कोच, वहां मौजूद कर्मचारियों और साथी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उन्होंने कहा साइ स्वच्छ खेल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राथमिकी के आधार पर किसी भी समय जांच के दौरान सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

### रोहतक पुलिस स्टेशन में एफआईआर में दर्ज पीड़िता का दर्द

रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसे 'बुरे चरित्र वाली' कहा, जिससे वह अलग-थलग पड़ गई। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351(3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है।

# सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की भूटान यात्रा पर गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजा जिग्मे खेसर और सेना प्रमुख बट्टू शेरिंग से करेंगे विस्तृत बातचीत

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। अधिकारियों के मुताबिक रणनीतिक रूप से अहम स्थान पर डोकलाम पठार के आसपास बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में सेना प्रमुख पड़ोसी मुल्क गए हैं।

भूटान के साथ पहले से ही घनिष्ठ द्विपक्षीय सैन्य संबंध हैं और उनकी इस यात्रा से रिश्तों के और मजबूत होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान की राजधानी थिम्पू में जनरल द्विवेदी राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे और भूटान के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। सेना प्रमुख की 30 जून से तीन जुलाई तक की भूटान यात्रा बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच हो रही है। इसी के साथ वह पाकिस्तानी क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर' के सात सप्ताह बाद पड़ोसी देश गए हैं। भारतीय सेना ने कहा, यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों में स्थायी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

# तेजी से हथियार बनाने में यूक्रेन की मदद करेगा जर्मनी

**कीव।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने सोमवार को कहा कि उनके देश का लक्ष्य यूक्रेन को और अधिक तेजी से हथियार बनाने में मदद करना है ताकि कीव रूस के साथ तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत कर सके।

वेडफुल ने जर्मन रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ यूक्रेनी राजधानी कीव की यात्रा के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमारा काम यूक्रेन की मदद करना है ताकि वह अधिक मजबूती से बातचीत कर सके। अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयास युद्ध को रोकने में विफल रहे हैं।

## हर दल है बेनकाब

# बलात्कार और राजनीति

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना से फिर सवाल खड़े हो गए हैं कि देश में सार्वजनिक स्थलों पर भी महिलाएं आखिर सुरक्षित क्यों नहीं हैं। छात्रा से बलात्कार का मुख्य आरोपी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का सदस्य होना यह भी दर्शाता है कि राजनीति में चरित्रवान लोग अब कम ही राजनीतिक दलों की प्राथमिकता रह गए हैं। रिकॉर्ड बताता है कि महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में कोई भी दल आरोपों से अछूता नहीं है। इस तरह भारत में बलात्कार की घटनाएं सिर्फ कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राजनीति का भी संकट बन गई हैं। ऐसी तमाम घटनाएं उदाहरण हैं, जब आरोपियों को खुलकर सत्ता का संरक्षण मिला और समाज चुप रह गया।



### इतनी घटनाएं क्यों

समाज में पितृसत्तात्मक सोच और महिला विरोधी मानसिकता, महिलाओं की आजादी पर नियंत्रण की कोशिश, अक्सर आरोपियों को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण, आरोपी के प्रभावशाली होने पर पुलिस की अनदेखी, न्याय मिलने में वर्षों लगना जैसे कारण इसके जिम्मेदार माने जाते हैं।

### हर 16 मिनट में एक बलात्कार

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरों के आंकड़ों के मुताबिक देश में सन् 2023 में बलात्कार की 33000 से ज्यादा घटनाएं दर्ज हुईं, यानी हर 16 मिनट में एक बलात्कार हुआ। सर्वाधिक मामले राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दर्ज हुए। वैश्विक स्तर पर भारत उन देशों में शामिल माना जाता है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या बहुत ज्यादा है। थॉमसन रियूटर्स फाउंडेशन की 2018 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश बताया गया था।

### राज्यों की स्थिति

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 राजस्थान में सर्वाधिक 6,379, मध्य प्रदेश में 4,843, यूपी में 3,539, महाराष्ट्र में 3,001, ओडिशा में 2,758, छत्तीसगढ़ में 2,501, बिहार में 1,378, पश्चिम बंगाल में 1,689, दिल्ली में 1,36 और हरियाणा में 1,284 बलात्कार के मामले दर्ज हुए।

### खादी पर महिला अपराधों के बेशुमार दाग

देश में बलात्कार के तमाम ऐसे चर्चित मामले है जिनमें राजनीतिक लोगों का नाम आया। यूपी में 2017 में उन्नाव के भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोप लगा था और पुलिस हिरासत में उसके पिता की भी मौत हो गई थी। जम्मू कश्मीर के कठुआ में 2018 में 8 साल की बच्ची की गैंगरेप कर हत्या कर दी गई थी, मामला तब गर्माया जब भाजपा नेताओं ने आरोपियों के समर्थन में रैली निकाली। इस मामले में 6 लोग दोषी ठहराए गए थे। वर्ष 2020 में हुए हाथरस कांड में दलित युवती के साथ गैंगरेप हुआ था जिसकी बाद में मौत भी हो गई थी। पुलिस ने परिवार की मर्जी के बिना अंतिम संस्कार कर दिया। विपक्ष ने सत्तारूढ़ दल पर कई आरोप लगाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद लॉ की एक छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल गए, हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई। कर्नाटक में महिलाओं पर हमले और यौन हिंसा के मामले में प्रमोद मुथालिक पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगे।

### प्रज्वल रेवन्ना

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के परिवार के सदस्य और जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर तमाम महिलाओं और लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे। उसके बनाए सैकड़ों वीडियो वायरल हुए तो वह विदेश भाग गया। इंटरपोल नोटिस पर लौटा, अब जेल में है। महिलाओं को डराने और यौन उत्पीड़न के आरोपी उसके पिता एचडी रेवन्ना को जमानत मिल चुकी है।

## एक नजर

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**चुराचांदपुर/इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 60 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान अभी नहीं हुई है। मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। किसी भी संगठन ने हमले के लिए अब तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

### नेपाल के मुगु जिले में फिर भूकंप के झटके आए

**काठमांडू।** नेपाल के मुगु जिले में सोमवार को 4 .3 तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्र में 24 घंटे से भी कम समय पहले भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, जिले के कोटडांडा क्षेत्र में सुबह 8 .39 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। रविवार को जिले के जिमा गांव में दोपहर 2 .34 बजे 4 .8 तीव्रता का भूकंप आया था। पर्वतीय क्षेत्र नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

### पश्चिमी वेनेजुएला में बाढ़ से सैकड़ों घर हुए नष्ट

**कराकास।** पश्चिमी वेनेजुएला में भारी बारिश के कारण कई प्रांतों में बाढ़ आने से सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। पश्चिमी प्रान्त मेरिडा के गवर्नर अर्नाल्डो सांचेज़ ने कहा कि बारिश और बाढ़ से कम से कम 370 घर प्रभावित हुये हैं और 103 घर नष्ट हो गये हैं। श्री सांचेज़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि एंडियन हाइलैंड्स में प्रभावित लोगों को कम से कम दो टन खाद्य आपूर्ति वितरित की गयी है और सुरक्षा बल तथा वालंटियर सहायता प्रदान करने के लिए पहुंचे गए हैं।

### पाकिस्तान : आतंकी हमलों में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और शांति समिति के तीन सदस्यों सहित पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में रविवार सुबह एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने बताया कि शाहब खेल क्षेत्र में एक अन्य घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

# असीम मुनीर के फिर जहरीले बोल कश्मीर में आतंकवाद वैध संघर्ष

## पड़ोसी देश फिर बेनकाब, सेना प्रमुख ने कहा- साथ देता रहेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी।

मुनीर ने शनिवार को कराची स्थित पाकिस्तान नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंकवाद कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है। मुनीर ने दावा किया, जिन लोगों ने कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने और समाधान के बजाय संघर्ष को खत्म करने की कोशिश की, उन्होंने अपने कृत्यों से इस आंदोलन को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हमेशा उसके अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारत सरकार के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो-केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास बढ़ गई।

### अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा बंद की

**पेशावर।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा (गुलाम खान) को अनिर्दिष्ट अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

### दक्षेस की जगह नया क्षेत्रीय संगठन बनाने में जुटे चीन-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि बैठक राजनीतिक नहीं थी।

# गाजा में इजराइली सेना के हमले में 22 फलस्तीनी मारे गए

- राशन लेने आए लोगों पर फिर की गोलीबारी

**काहिरा।** दक्षिणी गाजा में सोमवार को इजराइली सेना के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी एवं 20 अन्य घायल हो गये। हताहत लोगों में से कई आवश्यक खाद्य सहायता लेने का प्रयास कर रहे थे। चश्मदीदों, अस्पतालों एवं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल ने बताया कि उसके यहां 11 लोगों के शव लाये गये जिन्हें दक्षिणी गाजा में इजराइली और अमेरिका समर्थित गाजा मानवीय कोष (जीएचएफ) से जुड़े सहायता स्थल से लौटते समय गोली मार दी गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में संयुक्त राष्ट्र सहायता गोदाम पर हमले में दस अन्य लोग मारे गए।

दक्षिणी गाजा में यह हमला खान यूनिस शहर में जीएचएफ स्थल से लगभग तीन किलोमीटर (1.8 मील) दूर हुआ। यूसुफ महमूद मोखाइमर दर्जनों अन्य लोगों के साथ चल रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि वाहनों और टैंकों में सवार सैनिक तेजी से उनकी ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तो सैनिकों ने चेतावनी के तौर पर हवा में गोलियां चलाईं, फिर भीड़ पर गोलियां चलाईं।

# ईरान जल्द ही फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन

वियना, एजेंसी

- आईएईए प्रमुख ने जताई आशंका, कहा- अमेरिकी हमले में पूरी तरह नष्ट नहीं हुए परमाणु ठिकाने

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने ईरानी परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है मगर वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं और इसी वजह से ईरान कुछ ही महीनों में यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ग्रॉसी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान की परमाणु परियोजना को दशकों पीछे धकेल दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि अमेरिकी हमलों में फोर्डो, नतांज और इस्फ़हान परमाणु ठिकानों के सेंट्रीफ्यूज को काफी नुकसान पहुंचने से ईरान का परमाणु कार्यक्रम कई वर्षों के लिए टल गया है।

'फेस द नेशन विद मार्गरेट ब्रेनन' के साथ साक्षात्कार में उन्होंने अलग-अलग आकलन पर अपना रुख बताते हुए कहा, सामूहिक विनाश के हथियारों में यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। उनके पास जो क्षमताएं हैं, वे मौजूद हैं। आप जानते हैं कि वे कुछ ही महीनों में सेंट्रीफ्यूज के कुछ कैस्केड घुमाकर यूरेनियम संवर्धन कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि सब कुछ गायब हो गया है और अब वहां कुछ भी नहीं है। ग्रॉसी ने कहा कि निगरानी समूह की जांच में परमाणु हथियार कार्यक्रम का संकेत नहीं मिला, लेकिन यूरेनियम संवर्धन नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक है। ईरान की ओर से कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने से इनकार करने से स्थिति और जटिल हो गई है।

### अमेरिका ने ग्रॉसी का दावा बकवास बताया

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसा कि ग्रॉसी ने कुछ दिन पहले कहा था कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से पहले और बाद में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बीच का अंतर 'रात और दिन' जैसा है और उसे 'काफी नुकसान' हुआ है। उन्होंने कहा, "ईरान के पास कोई हवाई सुरक्षा नहीं है, इसलिए यह विचार कि, वे परमाणु हथियार कार्यक्रम फिर शुरू कर सकते हैं, बकवास है।

# भारत के साथ सीमा विवाद जटिल सुलझाने में समय लगेगा : चीन

बीजिंग, एजेंसी

- भारत के साथ बातचीत जारी रखने और शांति रखने की इच्छा जताई

चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ ही उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदम उठाकर जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें एलएसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है।

### संवाद के तंत्र स्थापित होने से बातचीत में मिलेगी मदद

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन भारत के साथ सरहदों के निर्धारण और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा सीमा पार आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, सकारात्मक पक्ष यह है कि दोनों देशों ने पहले ही गहन संवाद के लिए विभिन्न स्तर पर तंत्र स्थापित कर लिए हैं। हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ इसी दिशा में काम करेगा, प्रासंगिक मुद्दों पर संवाद जारी रखेगा।

# चीन ने जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटाया

**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है।

सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में भीषण सुनामी से क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों बहस के बाद परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े।

## आजादी के संघर्ष की यादें



बीरभूम जिले के बोलपुर के बाहरी इलाके में संथाल विद्रोह की याद में आयोजित हुल दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते आदिवासी। हूल दिवस ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि देने का दिन है जो 30 जून 1855 को शुरू हुआ था एजेंसी

### सीपीसी सदस्यता 10 करोड़ के पार

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के सदस्यों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सीपीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 1921 में स्थापित सीपीसी के 2024 के अंत तक 10 .027 करोड़ से अधिक सदस्य थे, जो 2023 से लगभग 10 .9 लाख अधिक है।

### मालवाहक जहाज में लगी आग, नौसेना ने अपना पोत भेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने द्वीपीय देश पलाऊ के ध्वज वाले एक जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने के बाद मदद के लिए अपने स्टील्थ फ्रिगेट पोत को तैनात किया है। पलाऊ के इस संकटग्रस्त जहाज में भारतीय मूल के चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। यह जहाज गुजरात के कांडला से ओमान के शिनास जा रहा था। नौसेना के अनुसार, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने एमटी यी चेंग 6 की सहायता के लिए आए संदेश पर कार्रवाई की।

# जम्मू-कश्मीर में पकड़ा गया आतंकवादियों का गाइड

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

- चार आतंकवादियों के साथ घुसपैठ की कोशिश करते हुए किया गया गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पीओके के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगलों में संदिग्ध गतिविधि देखी, जहां से कुछ आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। आरिफ को पकड़ लिया गया, जबकि चार अन्य आतंकवादी भारतीय सेना को देख भाग निकले और 'नो मैन्स लैंड' से होते हुए दुर्गम रास्तों और खराब मौसम का फायदा उठा कर पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। नो मैन्स लैंड किसी के स्वामित्व या नियंत्रण में नहीं होता है। यह आमतौर पर दो विरोधी पक्षों या सेनाओं के बीच की एक खाली भूमि होती है।

# अमेरिका में घात लगाकर दो दमकल कर्मियों की हत्या की

**बोइस (अमेरिका)।** अमेरिका में उत्तरी इडाहो के एक पर्वतीय इलाके में रविवार को एक बंदूकधारी ने पहले जंगल में आग लगा दी, फिर वहां पहुंचे दमकलकर्मियों पर घातकर हमला कर दिया जिसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में बंदूकधारी भी मृत पाया गया। हालांकि अधिकारियों ने उसकी पहचान जारी नहीं की है। इडाहो के गर्वनर ब्रैड लिटिल ने इसे जघन्य हमला बताया। कूटेनई काउंटी के शेरिफ बॉब नॉरिस ने रविवार रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा अनुमान है कि संदिग्ध ने ही आग लगाई और यह एक साजिश के तहत किया गया हमला था। इसके कारण दमकलकर्मियों को संभलने का कोई मौका ही नहीं मिला।

## यादों की टीस

## यूनियन कार्बाइड कारखाने का सारा 337 टन कचरा हुआ खाक

# 40 साल बाद खत्म हुआ भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय

- सन् 1984 में हुआ था हादसा पांच मई को शुरू हुई थी कचरे को भस्म करने की प्रक्रिया

इंदौर, एजेंसी




मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर पीथमपुर के एक अपशिष्ट निपटान संयंत्र में भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने का बचा 307 टन कचरा खाक हो गया है। इसके साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार कारखाने का कुल 337 टन कचरा भस्म हो गया है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि धार जिले के संयंत्र में तीन परीक्षणों के दौरान यूनियन कार्बाइड कारखाने का 30 टन कचरा पहले ही जलाया जा चुका है। पीथमपुर में एक निजी कंपनी द्वारा संचालित अपशिष्ट निपटान संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने के बचे 307 टन कचरे को भस्म किए जाने की प्रक्रिया पांच मई को देर शाम सात बजकर 45 मिनट के आस-पास शुरू हुई थी जो रविवार (29 जून) और सोमवार (30 जून) की दरमियानी रात 01:00 बजे समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के 27 मार्च को जारी निर्देश के मुताबिक यूनियन कार्बाइड के बचे कचरे को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में पीथमपुर के संयंत्र में 270 किलोग्राम प्रति घंटे की अधिकतम दर से जलाया गया।

द्विवेदी ने बताया कि इस कचरे को भस्म किए जाने के दौरान पीथमपुर के संयंत्र से अलग-अलग गैसों और कणों के उत्सर्जन की एक ऑनलाइन तंत्र द्वारा वास्तविक समय में निगरानी की गई। उन्होंने दावा किया, इस संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने का कचरा जलाए जाने के दौरान तमाम उत्सर्जन मानक सीमा के भीतर पाए गए। कचरा भस्म किए जाने के दौरान आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर किसी विपरीत असर के बारे में हमारे पास कोई सूचना नहीं है। द्विवेदी के मुताबिक, यूनियन कार्बाइड कारखाने का कुल 337 टन कचरा जलने के बाद निकली राख और अन्य अवशेषों को बोरों में सुरक्षित तरीके से भरकर संयंत्र के 'लीक-प्रूफ स्टोरेज शेड' में रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन अवशेषों को जमीन में दफनाने के लिए तय वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत विशेष सुविधा (लैंडफिल सेल) का निर्माण कराया जा रहा है और यह काम नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

### हादसे में मारे गए थे करीब साढ़े पांच हजार लोग

भोपाल में दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इससे कम से कम 5,479 लोग मारे गए थे और हजारों लोग अपंग हो गए थे। इसे दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में गिना जाता है। वर्ष 2006 में सरकार के एक शपथ पत्र में माना गया था कि करीब 558,125 सीधे तौर पर प्रभावित हुए, आंशिक तौर पर प्रभावित होने वालों की संख्या लगभग 38,478 थी। 3900 पूरी तरह अपंगता के शिकार हो गए। 1993 में भोपाल-अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को इस त्रासदी के पर्यावरण और मानव समुदाय पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को जानने का काम सौंपा गया था।